

दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



स्त्रियां भी जिएं सुख का उजास........
सुख शांति के लिए दीपावली से पहले .......

वर्ष : 11 | अंक : 295 | लखनऊ, 15 अक्टूबर, बुधवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## यूएनटीसीसी के सम्मेलन में राजनाथ सिंह बोले

# भारत के लिए शांति स्थापना विकल्प नहीं, आस्था का विषय रही

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**


नई दिल्ली में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सैन्य योगदान देने वाले देशों (यूएनटीसीसी) के प्रमुखों के सम्मेलन को मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के लिए, शांति स्थापना कभी भी एक विकल्प नहीं रही, बल्कि एक आस्था का विषय रही है। हमारी आजादी के आरंभ से ही, भारत अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के संयुक्त राष्ट्र के मिशन में उसके साथ मजबूती से खड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि शांति स्थापना एक सैन्य मिशन से कहीं बढ़कर है; यह एक साझा जिम्मेदारी है।

यह हमें याद दिलाता है कि संघर्षों और हिंसा से ऊपर मानवता है, जिसे बनाए रखने की जरूरत है। और इसीलिए जब युद्ध और अभाव से त्रस्त लोग ब्लू हेल्मेट्स को देखते हैं, तो उन्हें यह एहसास होता है कि दुनिया ने उन्हें त्यागा नहीं है। बता दें, यह सम्मेलन में 16 अक्तूबर तक चलेगा, जहां 32 देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी एक साथ मौजूद हैं।

*राजनाथ सिंह ने कहा कि शांति स्थापना एक सैन्य मिशन से कहीं बढ़कर है, यह एक साझा जिम्मेदारी है। यह हमें याद दिलाता है कि संघर्षों और हिंसा से ऊपर मानवता है, जिसे बनाए रखने की जरूरत है*

» **16 अक्टूबर तक चलेगा सम्मेलन 32 देशों से आए अधिकारी**

» **कुछ देश खुलेआम अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन कर रहे**



### कुछ देश अपने नियम बनाकर दबदबा बना रहे

*रक्षा मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के उल्लंघन का मुद्दा भी जोरों शोरों से उठाया। उन्होंने कहा कि आजकल, कुछ देश खुलेआम अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, कुछ उन्हें कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि कुछ अपने नियम बनाकर अगली सदी पर अपना दबदबा बनाना चाहते हैं। इन सबके बीच भारत पुरानी अंतरराष्ट्रीय संरचनाओं में सुधार की वकालत करते हुए अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था को मजबूती से कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है।*

**सेना प्रमुख द्विवेदी बोले**

### भारत सभी देशों का मित्र



भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के शांति मिशनों में भारत की भूमिका 'विश्वबंधु' की भावना को दर्शाती है, यानी भारत सभी देशों का मित्र है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन उसी भावना को आगे बढ़ाता है, क्योंकि इसमें 32 सैनिक योगदान देने वाले देशों के नेता शामिल हुए हैं, जो दुनिया भर में तैनात लगभग दो-तिहाई संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों को योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिकों ने दृढ़ निश्चय और समर्पण के साथ सेवा की है, और भारत अपने अनुभवों को साझा करने के लिए हमेशा तैयार है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में 56 से अधिक सक्रिय संघर्ष चल रहे हैं। इन संघर्षों में विघटनकारी तकनीकें, हाइब्रिड युद्ध और गैर-राज्यीय तत्वों की बढ़ती भूमिका जैसी नई चुनौतियां सामने हैं। उन्होंने कहा कि आज का शांति सैनिक सिर्फ सुरक्षा देने वाला नहीं, बल्कि एक राजनयिक, तकनीकी विशेषज्ञ, राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाला व्यक्ति, और कई बार संघर्ष क्षेत्र में सूचना पहुंचाने का एकमात्र माध्यम भी होता है।

**भारत ने 51 अभियानों में सेवा की**

*रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने अब तक 71 संयुक्त राष्ट्र मिशनों में से 51 मिशनों में भाग लिया है और इसमें लगभग 2,90,000 भारतीय सैनिकों ने सेवा दी है। भारतीय सेना ने अपने पेशेवर कौशल, साहस और करुणा के लिए वैश्विक सम्मान अर्जित किया है। कांगो और कोरिया से लेकर दक्षिण सूडान और लेबनान तक हमारे सैनिक, पुलिस और चिकित्सा पेशेवर कमजोर लोगों की रक्षा और समाज के पुनर्निर्माण के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं।*

**180 भारतीय हुए बलिदान**

*रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि हमारा योगदान बलिदान के बिना नहीं रहा है। 180 से अधिक भारतीय शांति सैनिकों ने संयुक्त राष्ट्र के झंडे तले अपने प्राणों की आहुति दी है। उनका साहस और निस्वार्थता मानव जाति की सामूहिक अंतरात्मा में अंकित है।*

---

**मौसम**
अधिकतम तापमान 42.c
न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**
सोना 7,177/ g
चांदी 96/ g
संसेक्स 82,530.74
निफ्टी 25,062.10

## पीएम मोदी और मंगोलिया के राष्ट्रपति उखना के बीच हुई उच्च-स्तरीय बैठक

# मंगोलिया में भारत बना रहा 1.7 बिलियन डॉलर की तेल रिफाइनरी, साझेदारी बढ़ेगी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

पीएम नरेंद्र मोदी की मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना के साथ एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के बीच सामरिक और विकास भागीदारी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने साझा विजन के साथ महत्वपूर्ण खनिजों को लेकर अपना समर्थन प्रदान किया है। बैठक के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के संबंध केवल राजनयिक नहीं हैं। हम मंगोलिया के विकास में एक दृढ़ और विश्वसनीय साझेदार भी हैं। भारत की 1.7 बिलियन डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट (एलओसी) से बन रही तेल रिफाइनरी परियोजना मंगोलिया की ऊर्जा सुरक्षा को नई मजबूती प्रदान करेगी। ये भारत की दुनिया में सबसे बड़ी विकास भागीदारी परियोजना है। जिसके तहत ढाई हजार से ज्यादा भारतीय मंगोलिया के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। मंगोलिया के राष्ट्रपति ने परियोजना में भारत के योगदान के लिए पीएम का आभार जताया। बैठक के दौरान भारत-मंगोलिया के राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ की स्मृति में एक संयुक्त डाक टिकट भी जारी किया गया।

पीएम मोदी ने कहा कि मंगोलिया के सीमा सुरक्षा बलों के लिए भारत नए क्षमता विकास कार्यक्रम भी शुरू करेगा। दोनों देश एक खुले हुए, स्वतंत्र, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन करते हैं

**दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे होने की स्मृति में डाक टिकट जारी**

**बुद्ध के शिष्यों सारिपुत्र और मौद्गल्या-यन के अवशेष मंगोलिया भेजे जाएंगे**



### मुफ्त ई-वीजा सुविधा का ऐलान

पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने इस अवसर पर मंगोलियाई नागरिकों के लिए मुफ्त ई-वीजा सुविधा देने की भी घोषणा की है, ताकि दोनों देशों के नागरिकों के बीच संपर्क और यात्राओं में आसानी हो सके। हमारी सीमाएं भले न जुड़ी हों, लेकिन हमारे दिल जुड़े हैं। भारत और मंगोलिया की मित्रता समय के साथ और मजबूत होगी। इस बैठक को दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, धार्मिक और रणनीतिक सहयोग के नए अध्याय की शुरुआत माना जा रहा है।

### कुल 10 समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

दोनों देशों के बीच कुल 10 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिसमें खनिज संसाधन, मानवीय सहायता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, आव्रजन, सहकारी समितियों के विकास, तत्काल प्रभाव वाली परियोजनाओं, भू-विज्ञान, डिजिटल समाधानों के साझा उपयोग और योग जैसे क्षेत्र मुख्य हैं। दोनों देशों का निजी क्षेत्र ऊर्जा, खनिजों, रेयर अर्थ, डिजिटल, खनन, कृषि, डेयरी और सहकारिता जैसे क्षेत्रों में सहयोग की नई संभावनाएं तलाश रहा है। कौशल विकास में भी दोनों देशों का सहयोग बढ़ा है। ए.बी वाजपेयी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर आईटी और भारत-मंगोलिया फ्रेंडशिप स्कूल के जरिए मंगोलिया के युवाओं के सपनों को नई उड़ान मिल रही है।

### दोनों देश बौद्ध धर्म के सूत्र में बंधे

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे संबंधों की असली गहराई हमारे पीपल-टू-पीपल-टाइज में दिखाई देती है। सदियों से दोनों देश बौद्ध धर्म के सूत्र में बंधे हैं। इस वजह से हमें 'स्पिरिचुअल सिबलिंग' कहा जाता है। मुझे यह बताते हुए खुशी है कि अगले वर्ष भगवान बुद्ध के दो महान शिष्यों सारिपुत्र और मौद्गल्या-यन के पवित्र अवशेष भारत से मंगोलिया भेजे जाएंगे।


### रक्षा और सुरक्षा सहयोग मजबूत हुआ

पीएम मोदी ने कहा कि रक्षा-सुरक्षा सहयोग भी लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रमों से लेकर दूतावास में रक्षा अताशे की नियुक्ति तक कई नई पहल का गवाह रहा है। मंगोलिया के सीमा सुरक्षा बलों के लिए भारत नए क्षमता विकास कार्यक्रम भी शुरू करेगा। दोनों देश एक खुले हुए, स्वतंत्र, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन करते हैं।

---

**एनएसजी के 41वें स्थापना दिवस पर अमित शाह बोले**

## देश के हर नागरिक की सुरक्षा मजबूत और सुरक्षित हाथों में



**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मानेसर, गुरुग्राम में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के 41वें स्थापना दिवस पर कहा कि एनएसजी ने 'सर्वत्र, सर्वोत्तम और सुरक्षा' के मंत्र के साथ चार दशकों से आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी है। उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक को यह संतोष है कि हमारी सुरक्षा बहुत मजबूत और सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने स्पेशल ऑपरेशंस ट्रेनिंग सेंटर का शिलान्यास भी किया। 141 करोड़ की लागत से 8 एकड़ में बनने वाला यह सेंटर एनएसजी और देशभर के पुलिस बलों के आतंकवादरोधी दस्तों को अत्याधुनिक तकनीक से लैस करेगा।

### सभी को मिलकर काम करना होगा

गृह मंत्री ने कहा कि भारत जैसे विशाल देश में आतंकवाद से लड़ाई अकेले केंद्र सरकार नहीं लड़ सकती, इसके लिए राज्य सरकारों, राज्य पुलिस बलों, एनएसजी और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने भरोसा जताया कि यह नया ट्रेनिंग सेंटर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को नई धार देगा। एनएसजी की रणनीतिक तैयारियों पर बात करते हुए शाह ने बताया कि बल ने 770 से अधिक महत्वपूर्ण स्थानों की रेकी कर एक डेटा बैंक तैयार किया है, जिसमें अस्पतालों, धार्मिक स्थलों, जलमार्गों और संसद की सुरक्षा शामिल है।

### आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति

*अमित शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। उन्होंने बताया कि 2019 के बाद से सरकार ने यूएपीए, एनआईए एक्ट, पीएमएलए और ईडी को मजबूत किया है। टेरर फंडिंग की वैज्ञानिक जांच के लिए सिस्टम खड़ा किया गया है और पीएफआई पर बैन लगाया गया है। उन्होंने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों ने आतंकवादियों को करारा जवाब दिया है।*

---

## खबर संक्षेप

### कपड़ा फैक्ट्री में आग 9 लोगों की मौत



**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मंगलवार को कपड़े के कारखाने और रसायन के एक गोदाम में आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। मिरपुर इलाके में कारखाना और गोदाम की दो इमारतों में लगी भीषण आग में आठ लोग घायल हो गए। कारखाने की पहली और दूसरी मंजिल से नौ शव बरामद किए गए हैं। अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा के निदेशक (ऑपरेशन और मेंटेनेंस) लेफ्टिनेंट कर्नल मोहम्मद ताजुल इस्लाम चौधरी ने कहा कि हमें संदेह है कि सभी की मौत जहरीली गैस के कारण हुई। आग को काबू में कर लिया गया है और दमकलकर्मी कारखाने में खोजबीन जारी रखे हुए हैं।

### ओपनएआई अब बनाएगी खुद की चिप




**नई दिल्ली।** ओपनएआई अब तक चैटजीपीटी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) लैंग्वेज मॉडल चैटबॉट और सोरा जैसे वीडियो मेकिंग प्लेटफार्म के लिए जानी जाती थी। इसके लिए कंप्यूटिंग चिप की जरूरत होती है जो ओपनएआई बाहर से लेती थी लेकिन अब ओपनएआई ने ब्रॉडकॉम के साथ मिलकर अपना पहला इन-हाउस एआई प्रोसेसर विकसित करने की घोषणा की है। यह कदम चैटजीपीटी जैसी सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने और एआई कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

---

## मंगोलिया के राष्ट्रपति से रक्षा मंत्री की मुलाकात

# नए क्षेत्रों में सहयोग और साझा हितों पर किया विचार-विमर्श

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



भारत की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा के तहत नई दिल्ली पहुंचे मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। जिसमें दोनों के बीच बातचीत में सहयोग के नए क्षेत्रों में विविधता लाने के प्रयासों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। साथ ही साझा हितों के मौजूद कार्यक्रमों को और मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया। रक्षा मंत्री ने अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि मंगोलिया के राष्ट्रपति से वार्ता में हमने दोनों देशों की साझेदारी को और अधिक मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। राजनाथ सिंह और राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना ने भारत और मंगोलिया के लोकतंत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों के समूचे क्षेत्र में शांति और समृद्धि की स्थापना के लिए साझा हित हैं। साथ ही यह उम्मीद भी जताई कि दोनों देश अपने सहयोग को और अधिक विविधता प्रदान करते हुए इसमें नए क्षेत्रों को शामिल करेंगे।

---

**सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़**

# कुपवाड़ा में 2 आतंकी ढेर, 4 रॉकेट लॉन्चर सहित कई हथियार बरामद

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। यहां कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया है। अभी ऑपरेशन जारी है।

इलाके में अब भी अन्य आतंकियों के होने संभावना है। दरअसल, घसपैठ कर रहे आतंकियों को देखते ही सुरक्षाबल सक्रिय हो गए और अभियान शुरू कर दिया। फिलहाल भारतीय सेना ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और सर्च ऑपरेशन भी जारी है। सुरक्षाबलों ने 2 एके सीरीज राइफलें, 4 रॉकेट लॉन्चर, गोला-बारूद सहित अन्य हथियार बरामद किया है। श्रीनगर स्थित भारतीय सेना की चिनार कोर को आतंकियों के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस और सेना का यह संयुक्त अभियान शुरू कर दिया।




13 अक्टूबर की शाम 7 बजे से भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास कुंबकडी के जंगल में यह ऑपरेशन जारी है। आतंकियों ने यहां से घुसपैठ की कोशिश की थी, जिसे सुरक्षाबलों ने नाकाम किया है।

---

## 24 प्लेटफार्म... 4 टर्मिनल और प्रतिदिन 3 लाख यात्रियों की क्षमता

◆ इस पर 2245 करोड़ की लागत आ रही

### अमरावती में 'भारत का सबसे बड़ा' रेलवे स्टेशन



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के अमरावती के पास देश का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन बना रहा है। इस परियोजना में 1,500 एकड़ में फैला एक हवाई अड्डा-शैली का स्टेशन शामिल है, जिसमें 24 प्लेटफार्म, 4 टर्मिनल और प्रतिदिन 3 लाख यात्रियों की क्षमता होगी। इस पर 2,245 करोड़ की लागत आ रही है। इसके प्रमुख घटकों में 57 किलोमीटर लंबी नई ब्रॉड-गेज लाइन, कृष्णा नदी पर 3.2 किलोमीटर लंबा पुल और हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता और बेंगलुरु जैसे प्रमुख शहरों से सीधा क्षेत्रीय संपर्क शामिल है। परियोजना को 2-3 वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे क्षेत्रीय विकास, संपर्क और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता, परिजनों ने बहला फुसलाकर भगा ले जाने का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र से बीते दिनों 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद पीड़ित परिजनों ने तीन लोगों के खिलाफ बहला फुसलाकर उसे भगा ले जाने की सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले पीड़ित के मुताबिक उसकी 17 वर्षीर्या बेटी बीते दिनों अचानक लापता हो गई। काफी खोजबीन की गई, तब पता चला कि उसे सीतापुर जिले के हरगांव थाना अंतर्गत कल्यानपुर निवासी मोनू अपने साथ बहला फुसला कर भगा ले गया है। पीड़ित का आरोप है कि उसको भगाने में रामचंद्र व नमन नामक युवकों ने मोनू का सहयोग किया है। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर सरोजनी नगर पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के सहारे उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### यूपी में ट्रैकिंग सिस्टम से जोड़े जाएंगे एक लाख उपखनिज ढुलाई वाहन, अब तक 17 हजार वाहनों का पंजीकरण

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अवैध खनन और उपखनिजों के अवैध परिवहन की निगरानी के लिए भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग अपने वाहन ट्रैकिंग सिस्टम (वीटीएस) को व्यापक बनाने की कोशिश में जुटा है। इसके लिए उपखनिजों के परिवहन में शामिल वाहनों का पंजीकरण कर उनमें ट्रैकिंग सिस्टम के हिसाब से कम्पैटिबल जीपीएस (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) उपकरण लगाए जा रहे हैं। उनको वीटीएस माड्यूल से जोड़ने का काम भी शुरू हो गया है। विभाग का लक्ष्य राज्य में उपखनिज परिवहन से जुड़े लगभग एक वाहनों को इस व्यवस्था का हिस्सा बनाने का है। प्रदेश में अवैध खनन और उपखनिजों के अवैध परिवहन की बड़ी संख्या में शिकायते हैं।

# पटाखों से भरी बाइक मवेशी से टकराने के बाद फटी, जीजा-साले की मौत, इलाके में दहशत का माहौल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गोसाईगंज थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। बाइक से पटाखों की खेप लेकर जा रहे जीजा-साले की मवेशी से टकराने के बाद हुए भीषण विस्फोट में मौत हो गई। हादसे में जीजा के चीथड़े उड़ गए, जबकि गंभीर रूप से घायल साले ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। तेज धमाके की आवाज से पूरा इलाका दहल उठा और बाजार में अफरातफरी मच गई।

मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मलौली बाजार का है। मृतकों की पहचान मातन टोला निवासी मोहम्मद अहमद (35) और उनके साले हरदोई जन गांव पट्टी निवासी सुहेल (18) के रूप में हुई है। मोहम्मद अहमद स्थानीय स्तर पर चूड़ी और कॉस्मेटिक सामान की दुकान चलाते थे और हर साल दीवाली पर पटाखों की अस्थायी दुकान भी लगाते थे। हादसे के समय वह बाइक पर भारी मात्रा में पटाखे लेकर जा रहे थे।





### मवेशी से टकराई बाइक और धमाके से गूंज उठा इलाका

प्रत्यक्षदर्शी किशोरी लाल पटेल ने बताया कि दोपहर को मोहम्मद अहमद और सुहेल बाइक से मरखापुर की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे मलौली बाजार में पटेल ट्रेडर्स की दुकान के सामने पहुंचे, अचानक सड़क पर एक मवेशी आ गया। तेज रफ्तार में चल रही बाइक उससे टकराई और पलट गई। पलटते ही पटाखों में भीषण विस्फोट हुआ। धमाके से पूरा इलाका थर्रा गया।

आसपास की दुकानों और मकानों के शीशे तक हिल गए। मोहम्मद अहमद के शरीर के चीथड़े उड़ गए और उनका एक पैर कट गया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। साले सुहेल को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। हादसे में मवेशी की भी मौत हो गई। बाइक जलकर खाक हो गई।

### फायर ब्रिगेड और पुलिस ने पाया आग पर काबू

धमाका इतना तेज था कि बाजार में अफरातफरी मच गई। धुएं का गुबार दूर-दूर तक फैल गया। स्थानीय लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाने की कोशिश की। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग बुझाई गई और दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है।

### लाइसेंस लेकर पटाखा बेचते थे मोहम्मद अहमद

मृतक मोहम्मद अहमद पिछले 7-8 वर्षों से दिवाली पर पटाखों का लाइसेंस लेकर दुकान लगाते थे। उनके चचेरे भाई अकील अहमद ने बताया कि वह हर साल इस काम में शामिल रहते थे और इस बार भी कहीं माल लेकर जा रहे थे। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वह पटाखों की खेप कहां ले जा रहे थे। पुलिस इस एंगल पर जांच कर रही है कि क्या माल लाइसेंसी था या अवैध रूप से सप्लाई किया जा रहा था।

### अधिकारियों ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

घटना की जानकारी मिलते ही मोहनलालगंज एसडीएम पवन पटेल और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से जानकारी ली। मोहम्मद अहमद की पहचान उनके मोबाइल फोन से हुई। पुलिस ने दोनों मृतकों के परिजनों को सूचना दी।

शाम तक मोहम्मद अहमद के घर के बाहर सन्नाटा पसरा रहा और आसपास के लोग इकट्ठा होकर हादसे की चर्चा करते रहे। परिजनों को हादसे की जानकारी देर शाम तक दी जानी थी क्योंकि घर में महिलाएं और बच्चे हैं और परिजन सदमे में हैं।

### बारात की कहानी संदिग्ध, पुलिस कर रही पड़ताल

घटनास्थल के पास मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि दोनों युवक मरखापुर किसी बारात में जा रहे थे। हालांकि, पुलिस ने जब मरखापुर में जांच की तो न तो वहां कोई बारात थी और न ही किसी शादी समारोह की पुष्टि हो सकी। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आखिर दोनों युवक पटाखों की इतनी बड़ी खेप लेकर कहां जा रहे थे।

### जांच में जुटी पुलिस

थाना गोसाईगंज पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पटाखों के परिवहन के दौरान हुए हादसे का लग रहा है। परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं और लाइसेंस की भी जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और विस्फोट के कारणों की तकनीकी जांच भी कराई जाएगी।

# किन्नरों ने पेट्रोल पंप पर किया हंगामा, संचालक ने पुलिस को दी तहरीर


पंप पर हंगामा करते किन्नर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। त्योहारों का रंग बाजार में दिखाई देने लगा है, लेकिन इसी बीच मंगलवार को मलिहाबाद क्षेत्र में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया। ढेंढेमऊ गांव में स्थित पेट्रोल पंप पर कुछ किन्नरों ने हंगामा कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, मलिहाबाद के ढेंढेमऊ गांव नहर के पास स्थित लाला माता प्रसाद किसान सेवा केंद्र के स्वामी नितिन गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार शाम करीब 6 बजे दो वाहनों से लगभग एक दर्जन किन्नर पंप पर पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों से त्योहारी के रुपए की मांग की। मना करने पर किन्नरों ने कर्मचारियों से मारपीट पर आमादा हो गए। और अर्धनग्न होकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान उन्होंने पेट्रोल व डीजल की बिक्री भी रुकवा दी। घटना की पूरी वारदात पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित व्यापारी नितिन गुप्ता ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए अज्ञात किन्नरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में खाना बनाते समय महिला आग से झुलसी, इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा इलाके में बीते 10 दिनों पहले एक विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में खाना बनाते समय झुलस गई थी। उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई। इस मामले में मृतक के मायके वालों ने उसके ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कानपुर के चकेरी निवासी अशोक तिवारी के मुताबिक उन्होंने 4 फरवरी 2022 को अपनी बेटी ऐश्वर्या (26) की शादी बंथरा निवासी शिव प्रकाश दीक्षित के बेटे पीयूष दीक्षित के साथ की थी। अशोक तिवारी का कहना है कि शादी में उन्होंने अपनी हैसियत के हिसाब से करीब 10 लाख रुपए खर्च किए थे। शादी के बाद कुछ दिनों तक तो सब ठीक-ठाक चलता रहा। लेकिन आरोप है कि बाद में ऐश्वर्या के ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर ऐश्वर्या को प्रताड़ित करने लगे। तब वह अपने मायके में रहने लगी। इस बीच कई बार आपस में सुलह समझौता हुआ। जिसके बाद अशोक तिवारी ने अपनी बेटी को उसकी ससुराल भेज दिया। लेकिन आरोप है कि कुछ दिनों बाद ससुराल के लोग दहेज में 5 लाख रुपए की मांग करने लगे ज मांग पूरी न होने पर फिर आए दिन उसे प्रताड़ित कर रहे थे। अशोक का आरोप है कि 4 अक्टूबर को बेटी के ससुराल वालों ने उसे आग के हवाले कर दिया। जिससे वह काफी झुलस गई। बाद में ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मंगलवार को ऐश्वर्या की मौत हो गई। इस मामले में मृतका के पिता अशोक तिवारी ने ऐश्वर्या के पति पीयूष दीक्षित, ससुर शिव प्रकाश दीक्षित और सास मंजुला दीक्षित के खिलाफ दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए बंथरा थाने में तहरीर दी। पुलिस ने अशोक तिवारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भंडारण न करें किसान, जिससे सबको मिले खादः सूर्य प्रताप शाही

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। खरीफ सीजन में खाद की मारामारी के बाद अब रबी सीजन में ऐसी स्थिति से बचने के लिए कृषि विभाग द्वारा किसानों से सहयोगी की जिम्मेदारी निभाने की अपेक्षा की जा रही है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों से अपील की है कि वे आगामी फसलों के लिए पहले से उर्वरकों का भंडारण न करें, जिससे सभी किसानों को आवश्यकता के हिसाब से खाद मिल सके। साथ ही उन्होंने वर्तमान जरूरत के हिसाब से प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता का दावा किया है। मंगलवार को हुई बैठक में कृषि मंत्री ने कहा कि फिलहाल प्रदेश में 10.76 लाख टन यूरिया, 4.93 लाख टन डीएपी, 4.85 लाख टन एनपीके और 3.14 लाख टन एसएसपी उर्वरक उपलब्ध हैं। प्रदेश में वर्तमान खपत के अनुसार प्रतिदिन 10-12 रैक भेजी जा रही है। एक से 14 अक्टूबर के बीच भारत सरकार द्वारा 123 यूरिया उर्वरक रैक डिस्पैच की गई है, इनमें से 85 यूरिया रैक संबंधित जिलों को मिल चुकी हैं। 38 रैक रास्ते में हैं, जिनके दो से तीन दिन में पहुंचने की संभावना है। इसी तरह डीएपी व एनपीके की 140 रैक डिस्पैच की गई हैं, जिसमें से 78 रैक अब तक आ चुकी हैं। बैठक में प्रमुख सचिव रविन्द्र, निदेशक कृषि डा पंकज त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक उर्वरक आशुतोष कुमार मिश्र, अपर आयुक्त श्रीकांत गोस्वामी, महाप्रबंधक पीसीएफ विनोद पटेल उपस्थित रहे।

# राहुल सिंह बने सरोजनी नगर प्रखंड अध्यक्ष, संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में रविवार को बंथरा स्थित मां गायत्री ढाबा पर जिला लखनऊ ग्रामीण की पूर्ण कार्यकारिणी एवं प्रखंड स्तर के दायित्वधारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रखंड सरोजिनी नगर के अध्यक्ष पद पर राहुल सिंह चौहान को मनोनीत किया गया। बैठक का संचालन जिला सहमंत्री सुनील कुमार ने किया। प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप ने संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए हिंदू समाज को वर्तमान परिस्थितियों में संगठित रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर रायबरेली विभाग मंत्री भूपेंद्र द्वारा कई नवीन दायित्वों की घोषणा की गई।



प्रखंड सरोजनीनगर उपाध्यक्ष शिवनारायण प्रजापति व मोहित शुक्ला, प्रखंड मंत्री राहुल रावत, सह मंत्री दिलीप यादव तथा दुर्गा वाहिनी संयोजिका गुड्डन पांडे को दायित्व सौंपा गया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद राहुल सिंह चौहान ने कहा कि वे संगठन की विचारधारा और उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य निष्ठा से करेंगे। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की एकता और सेवा ही उनका प्रमुख लक्ष्य रहेगा। बैठक में जिला संगठन मंत्री महेंद्र, जिला उपाध्यक्ष अनूप, जिला सहमंत्री शैलेन्द्र शुक्ला, जिला मातृ संयोजिका ममता सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का समापन पूर्ण मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ।

# फाइलेरिया प्रभावित 544 ब्लाकों में संक्रमण की दर एक प्रतिशत से कम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश के 51 जिलों के 782 ब्लाक फाइलेरिया से प्रभावित हैं। इनमें से 544 ब्लाक में संक्रमण की दर एक प्रतिशत से नीचे आ गई है। बचे हुए 238 ब्लाक में भी संक्रमण की दर को कम करने का अभियान चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की समीक्षा कार्यशाला में मंगलवार को ये जानकारी। उन्होंने सर्वजन दवा सेवा अभियान (एमडीए) में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 11 आशा, तीन एएनएम, आठ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, एक आशा संगिनी, एक वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक और एक सहायक मलेरिया अधिकारी को सम्मानित भी किया। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीवीबीडीसी) की निदेशक डा. तनु जैन और डा. सुदर्शन मंडल ने समीक्षा कार्यशाला में आए 14 राज्यों के प्रतिनिधियों से कहा कि वो अपने-अपने अनुभवों और नवाचारों को साझा करें। जिससे परस्पर सीखने की प्रक्रिया तेज हो और देश 2027 तक फाइलेरिया मुक्त होने के लक्ष्य को प्राप्त कर सके। राज्य फाइलेरिया अधिकारी डॉ. एके चौधरी ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी लोगों को प्रतिवर्ष एंटी-फाइलेरिया दवाएं खिलाना है। इससे संक्रमण की दर को कम करने में सफलता मिल रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा आयोजित समीक्षा कार्यशाला में बिहार, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और असम के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

# 'नन्हे सितारे उत्सव' में झलकी बच्चों की प्रतिभा

## सावी वेलफेयर सोसाइटी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ी जमुनी में किया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मोहनलालगंज क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ी जमुनी में मंगलवार को सावी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा 'नन्हे सितारे उत्सव' का आयोजन किया गया। संस्था ने सामाजिक सरोकारों की मिसाल पेश करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में यह प्रेरक पहल की।

### रंग, कविता और दौड़ प्रतियोगिताओं में दिखा जोश

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों के बीच रंग भरो प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता और दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को संस्था की ओर से प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ और पंचम पुरस्कार प्रदान किए गए।



### बच्चों का बढ़ाया उत्साह, बांटे समोसे और केले

कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य को संस्था की ओर से मोमेंटो भेंट कर की गई। बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए सभी प्रतिभागियों को समोसे और केले का वितरण किया गया।

### ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे सामाजिक और शैक्षिक कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होते हैं। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि सावी वेलफेयर सोसाइटी भविष्य में भी समाजसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे रचनात्मक प्रयास जारी रखेगी। ग्राम प्रधान डॉ. सत्य प्रकाश, संस्था के अध्यक्ष गौरव सिंह, सचिव कुंवर यश, सदस्य आदर्श चतुर्वेदी, आत्मिका पांडे, उजैरा, ज्योत्सना शुक्ला, एच.आर. काजल यादव, प्राची, अंशु, पूजा यादव, शशि, अंजलि, नमिता सहित कई जागरूक ग्रामीणों ने सक्रिय सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# संस्कृत शिक्षा परिषद के नए भवन के लिए अभी जमीन की तलाश, मेट्रो लाइन से बदली योजना

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। वर्ष 2001 में संपूर्णानंद विश्वविद्यालय से अलग होकर गठित उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद को अभी तक अपना भवन नहीं मिला है। जिस जमीन पर भवन निर्माण प्रस्तावित था, वहां से मेट्रो लाइन गुजरने की वजह से अब नई जगह की तलाश जारी है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इस माह के अंत तक नई भूमि का चयन कर लिया जाएगा। परिषद और संस्कृत शिक्षा निदेशालय के लिए करीब दो एकड़ जमीन की आवश्यकता है। इसके भवन निर्माण के लिए 42.42 करोड़ रुपये की स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है, कार्यदायी संस्था भी तय है। संस्था जब निर्माण कार्य शुरू करने की तैयारी में थी, तब पता चला कि चयनित स्थल (लखनऊ सिटी स्टेशन के सामने) से मेट्रो का मार्ग गुजर रहा है। ऐसे में निर्माण कार्य रोकना पड़ा और अब वैकल्पिक जमीन देखी जा रही है। जगह बदलने से परियोजना में देरी से परिषद के संचालन में भी असुविधा बनी हुई है। प्रस्तावित भवन को संस्कृत शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है। इसे प्राचीन भारतीय नागर शैली में ग्राउंड फ्लोर प्लस तीन मंजिलों में बनाया जाएगा। भवन में मल्टीपरपज हाल, डिजिटल लाइब्रेरी, भाषा प्रयोगशाला, विदेशी भाषा प्रयोगशाला जैसी आधुनिक सुविधाएं होंगी। संस्कृत भाषा की महत्ता को देखते हुए इस भवन में न केवल पारंपरिक शिक्षा, बल्कि संस्कृत के साथ विदेशी भाषाओं के अध्ययन का केंद्र भी विकसित किया जाएगा।

# ऑटो पलटने से चालक की मौत, दो साथी घायल

## खस्ताहाल सड़कों ने फिर छीनी एक और ज़िंदगी, परिवार में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीती देर रात दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी घायल हो गए। गड्ढे में फंसकर ऑटो पलट जाने से यह हादसा हुआ। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और इलाके में मातम छा गया।

जानकारी के मुताबिक माल थाना क्षेत्र के ग्राम केड़ौरा निवासी भूपेंद्र (25) सोमवार देर रात अपने साथियों अजय और मुकेश के साथ सवारी उतारने के बाद मुकेश के मामा के घर जा रहे थे। रास्ते में मलिहाबाद थाना क्षेत्र के भदेसरमऊ की नहर सड़क पर बारिश से बने गड्ढे में ऑटो का पहिया फंस गया। और अचानक संतुलन बिगड़ने से इलेक्ट्रिक ऑटो पलट गया।

हादसे में चालक भूपेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसके साथी अजय और मुकेश को हल्की चोटें आईं। मौके पर पहुंची मलिहाबाद पुलिस ने घायलों को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने भूपेंद्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और क्षतिग्रस्त ऑटो को कब्जे में ले लिया।


मृतक भूपेंद्र फाइल – फोटो

मृतक भूपेंद्र के परिवार में मां विशुनदेई, भाई शिवमूरत और विवाहित बहनें सुशीला व शिवनंदनी का रो-रो कर बुरा हाल है। अचानक हुई इस त्रासदी से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि नहर सड़क पर जगह-जगह गड्ढों और खराब सड़क के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग चुप्पी साधे बैठा है। लोगों ने सड़क की तत्काल मरम्मत की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

# उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों में वरिष्ठ शिक्षक होंगे प्रभारी प्रधानाध्यापक, बेसिक शिक्षा विभाग से निर्देश जारी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में जहां प्रधानाध्यापक का पद खाली है, वहां अब सबसे वरिष्ठ शिक्षक अस्थायी तौर पर स्कूल की जिम्मेदारी संभालेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। आरटीई (निश्शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम) के मानकों के तहत ऐसे स्कूल जिनमें कक्षा एक से पांचवीं तक 150 से कम और कक्षा छठी से आठवीं तक 100 से कम बच्चे हैं, वहां पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी होने तक वरिष्ठतम शिक्षक को प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाया जाएगा। अगर वरिष्ठ शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं, तो यह जिम्मेदारी अगले कनिष्ठ शिक्षक को बिना किसी अतिरिक्त मानदेय के दी जाएगी। त्रिपुरारी दुबे और अन्य के मामले में दाखिल याचिका पर हाई कोर्ट के आदेश के अनुपालन में यह निर्देश जारी किया गया है। इसके तहत याचिका दाखिल करने वाले इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को ही प्रधानाध्यापक पद का वेतन देने का निर्देश दिया गया है, अन्य के मामले में नहीं। अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने यह स्पष्ट किया है कि जिन विद्यालयों में प्रधानाध्यापक का पद खाली है, वहां प्रभारी प्रधानाध्यापक की नियुक्ति संबंधित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) अपनी जिलेवार सहायक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची के आधार पर करेंगे। यदि वरिष्ठ सहायक शिक्षक प्रभारी पद की जिम्मेदारी लेने से लिखित रूप में मना करते हैं, तो अगले क्रम के शिक्षक को यह दायित्व दिया जाएगा।


# आग की चपेट में आने से महिला की मौत

## दहेज हत्या के आरोप में पति समेत सास-ससुर पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बंथरा कस्बे में आग की चपेट में आने से घायल हुई महिला ऐश्वर्या की इलाज के दौरान सिविल अस्पताल में मौत हो गई। उनके पिता ने दहेज हत्या के आरोप लगाते हुए पति और महिला के सास-ससुर के खिलाफ बंथरा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है। कानपुर नगर के चकेरी निवासी अशोक तिवारी ने बेटी ऐश्वर्या की शादी चार फरवरी 2022 को उन्नाव के केवनी निवासी शिव प्रकाश के पुत्र पियूष से की थी। शिव प्रकाश परिवार के साथ बंथरा में रहते हैं। अशोक ने बताया कि चार अक्टूबर को उन्हें बेटी के आग में झुलसने की सूचना दी गई।

ससुराल के लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। मंगलवार को इलाज के दौरान ऐश्वर्या की मौत हो गई। अशोक ने आरोप लगाया कि बेटी की शादी में 10 लाख रुपये खर्च किए थे। क्षमता के अनुसार दहेज भी दिया था। इसके बावजूद ससुराल के लोग दहेज की मांग कर प्रताड़ित करते थे।



अशोक के मुताबिक दामाद पियूष उनकी बेटी को करंट लगाकर प्रताड़ित करता था। उन्होंने पियूष के साथ ही पिता शिव प्रकाश और मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इंस्पेक्टर राणा राजेश कुमार ने बताया कि आरोपितों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

### बयान में महिला ने बताई थी आपबीती

मृतका के परिवारजन के मुताबिक घटना के बाद पुलिस ने घायल पीड़िता के बयान दर्ज किए थे। इसमें पीड़िता ने बताया था कि पति छोटी-छोटी बातों पर बुरी तरह पीटता था। कई बार उसने करंट लगाया और पहले भी जान से मारने के प्रयास किए। परिवार ने समझाया लेकिन वह लोग नहीं माने। आखिरकार बेटी को मौत के घाट उतार दिया। परिवार ने आरोपितों पर कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षेप

### युवकों को गांजा रगड़ने से मना करना युवक को पड़ा भारी

बांगरमऊ, उन्नाव। बीती देर शाम तीन युवकों ने किसान पर हमला कर घायल कर दिया. तीनों युवक किसान के घर के सामने गांजा की पत्ती रगड़ रहे थे।किसान ने टोका तो युवकों ने ईंट से हमला कर दिया।देर शाम सनसनीखेज वारदात हुई। बांगरमऊ नगर के मोहल्ला न्यू कटरा में घर के बाहर गांजा के पौधे की पत्ती रगड़ने से मना करने पर युवकों ने किसान को पीट पीटकर घायल कर दिया ।वारदात के बाद युवक मौके से फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई घटना से सनसनी फैल गई। मोहल्ला न्यू कटरा के रहने वाले 40 वर्षीय राजेश पुत्र छन्नूलाल के घर के सामने खेत के करीब गांजा के पौधे खड़े हैं।तीन युवक गांजा की पत्ती तोड़कर रगड़ रहे थे।राजेश ने युवकों को घर के बाहर ऐसा करने से मना किया। राजेश का मना करना युवकों को इतना नागवार गुजरा कि युवक बौखला गए और राजेश पर लात घुसो और ईंटों से हमला कर दिया। हमले में राजेश गंभीर घायल हो गए। परिजन उन्हें लेकर आननफानन सीएचसी बांगरमऊ पहुंचे,जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

### फूंका विद्युत ट्रांसफार्मर, रात के अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर ग्रामीण

सफीपुर, उन्नाव।उपकेंद्र से जुड़े बम्हना गांव और दो ग्राम पंचायतों में पिछले दस दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद से हजारों लोग अंधेरे में जिंदगी गुजारने को मजबूर हैं। वहीं विभाग लगातार निर्बाध बिजली आपूर्ति के दावे कर रहा है, लेकिन हकीकत कुछ और ही दिख रही है। ग्रामीणों का कहना है कि रात में पढ़ाई ठप हो गई है, वहीं पीने के पानी की सप्लाई भी प्रभावित हो रही है। बिजली न होने से हैंडपंप और मोटरें नहीं चल पा रही हैं। सबसे ज्यादा परेशानी छात्रों और किसानों को हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन हर बार केवल ₹जल्द सुधार हो जाएगा₹ का आश्वासन मिला। दस दिन बीत जाने के बाद भी नया ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया है। रामकिशोर, संजय और महेश जैसे ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही। गांव के लोग कह रहे हैं कि एक ट्रांसफॉर्मर के सहारे हजारों लोगों का जीवन चल रहा था, जो अब जल चुका है। विभाग की लापरवाही से बच्चों की पढ़ाई, खेती और रोजमर्रा के कामकाज ठप पड़ चुके हैं। ग्रामीण चेतावनी दे रहे हैं कि अगर जल्द बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई, तो वे विभाग कार्यालय के सामने प्रदर्शन करेंगे। वहीं विभागीय सूत्रों का कहना है कि ट्रांसफॉर्मर बदलने का प्रस्ताव भेजा गया है और दो दिन में आपूर्ति बहाल होने की संभावना है। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि वे ऐसे आश्वासन कई बार सुन चुके हैं। अब हर किसी के मन में एक ही सवाल है- ₹कब जलेगी बिजली?

# इलाज में लापरवाही के आरोप में सीएमएस पर कार्रवाही

अमन लेखनी समाचार



पाटन, उन्नाव।बेहटा भवानी गांव के पूर्व प्रधान हरिओम पांडे की इलाज में लापरवाही के मामले में शासन ने बीघापुर के 100 बेड वाले अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) पर बड़ी कार्रवाई की है। जांच में दोषी पाए जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया गया और ऊंचगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थानांतरित कर दिया गया है। यह मामला 8 अक्टूबर का है। तब बेहटा भवानी निवासी पूर्व प्रधान हरिओम पांडे की तबीयत अचानक बिगड़ने पर परिजन उन्हें बीघापुर सीएचसी लेकर पहुंचे थे। परिजनों का आरोप था कि चिकित्सकों की लापरवाही और समय पर इलाज न मिलने से उनकी हालत और बिगड़ गई। बाद में उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने तत्काल जांच के आदेश दिए। जांच की जिम्मेदारी अपर स्वास्थ्य निदेशक डॉ. जे.पी. गुप्ता को सौंपी गई थी। उन्होंने मौके पर पहुंचकर दस्तावेजों की जांच की और संबंधित चिकित्सकों से पूछताछ की। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि मरीज के इलाज में गंभीर लापरवाही बरती गई थी। इसकी प्राथमिक जिम्मेदारी बीघापुर सीएचसी के सीएमएस की तय की गई। इसी रिपोर्ट के आधार पर शासन ने सीएमएस को तत्काल पद से हटाने का आदेश जारी कर दिया। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से जिले के चिकित्सा महकमे में हड़कंप मच गया है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी अस्पताल में लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने शासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उनका कहना है कि यह कदम सही दिशा में उठाया गया है ताकि भविष्य में मरीजों की जान खतरे में डालने जैसी घटनाएं न हों। फिलहाल नए सीएमएस की नियुक्ति होने तक बीघापुर सीएचसी का कार्यभार एक वरिष्ठ चिकित्सक को सौंपा गया है।

## वार्षिक महोत्सव व भव्य श्रृंगार का किया गया समापन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के पाटन में स्थित बाबा ब्रह्मदेव मंदिर में वार्षिक महोत्सव व भव्य श्रृंगार मंगलवार को समाप्त हुआ। बाबा ब्रह्मदेव कल्याण समिति पाटन द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को वैदिक मंत्रों के साथ हवन पूजन उपरांत कन्या भोज आयोजित किया गया जिसमें समिति के सदस्यों द्वारा कन्याओं को भोजन पश्चात पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। रात्रि में रायबरेली की बप्पी जागरण टीम द्वारा दुर्गा व शिव सहित अन्य देवी देवताओं के सुंदर गीतों को साज सज्जा के साथ पेश किया गया जिससे भक्तगण आनंदित हो उठे। मंगलवार शाम मुंबई व दिल्ली के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस मौके पर अमर सिंह, अरविंद पटेल, हेमंत कुमार, अमित चौधरी, आशीष पटेल, चंद्रेश अवस्थी, सचिन चौधरी, डॉ जतिन पटेल, प्रभात चौधरी, राहुल सोनी, नितेश पटेल छोटू, विपिन मास्टर, मोहित पटेल, मिर्ची सेठ, हिमांशु पटेल, अभय श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जलनिकासी के अभाव में झील बनी आरसीसी सड़क

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। गंजमुरादाबाद ब्लॉक अंतर्गत हयात नगर भंवरा गांव के हिन्दू और मुस्लिम मोहल्लों के बीच बनी सीसी सड़क जलनिकासी के अभाव में झील बनी हुई है। जलनिकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने से सड़क पर एक साल से जल जमाव है। गांव के लोग गंदे पानी के बीच होकर आने-जाने को विवश हैं। गर्मी हो या बरसात, हमेशा यहां पानी भरा रहता है। बार-बार शिकायत के बाद भी इस जटिल समस्या का कोई उचित समाधान नहीं हो सका। जिसको लेकर गांव के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर ही फैल जाता है। हिंदू और मुस्लिम मोहल्लों के लोगों के आने-जाने का एक मात्र रास्ता यही है, फिर भी यह हाल है। दोनों मोहल्ला के लोग दिन हो या रात गंदे पानी से होकर ही आते-जाते हैं। सर्वाधिक परेशानी तो गांव के स्कूली बच्चों को होती है। वह भी जलजमाव से होकर ही स्कूल जाते हैं। लंबे समय से सीसी सड़क पर जलजमाव होने से सड़क के बीच बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। मोटरसाइकिल और साइकिल सवार तो प्रतिदिन गिरकर चोटिल होते रहते हैं। सड़क पर जलजमाव होने से संक्रमण का भय भी लोगों को सताने लगा है। हयात नगर भंवरा निवासी फिरोज अली, रूपन, सुबेदार, रामखेलावन, रमेश, नूर, आयान, फैसल, रिफ, हसीन, आशिफ, पप्पू, हनान, उमेर, उजैर, तैयब और जिशान आदि लोगो ने बताया कि पिछले एक साल से लगातार इस समस्या से जूझ रहे हैं लोग इस गंदगी से बीमार पड़ रहे हैं. ग्रामीणों का आरोप है कि नाली अगर समय पर साफ हो तो शायद सड़के साफ हो सके. जिम्मेदारों ने आंखे मूंद रखी है कि आखिर ऐसा क्या है. इस रास्ते से दर्जनों बच्चे स्कूल जाते हैं. कई बार गिर गए और चोट भी लग चुकी है। जब इस संबंध में एडीओ पंचायत देवेंद्र कुमार से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हम ऐसे कुछ नहीं बता सकते. वही ग्राम पंचायत अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि अभी फंड कम है जैसे ही फंड आ जाएगा. सड़क बनवा दी जाएगी.

# दीपावली आते ही बढ़ गया कच्ची शराब का कारोबार

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। गांवों में अवैध शराब की भट्ठियां त्योहार आते ही धड़ल्ले से धधकने लगी है पुलिस व आबकारी महकमा फेल आता नजर आ रहा है कुटीर उद्योग का रूप ले चुका कच्ची शराब का धंधा जोरो से फल फूल रहा है। कोतवाली बीघापुर थाना बिहार क्षेत्र भर मे अवैध कच्ची शराब धड़ल्ले से बेची जा रही है।कुछ कारोबारी पड़ोसी जिला रायबरेली के कच्ची शराब विक्रेता लाकर जनपद उन्नाव की सीमा में खूब बेच रहे हैं लगभग दर्जनों गांव में कच्ची शराब का काला कारोबार मोटी कमाई का जरिया बन चुका है। वहीं केमिकल यूरिया व अन्य हानिकारक तत्वों से उत्पादित होने वाली कच्ची शराब से आए दिन कोई न कोई घटनाएं सुनने को मिल रही है। वहीं बड़ी घटना होने पर प्रशासन सिर्फ खानापूर्ति करके मामले को रफा दफा कर देते हैं। क्षेत्र गढ़ाकोला कटहर तेवरिया भाटमऊ अकवारा न्योती देवारा सहित लगभग एक दर्जन गांव में कच्ची शराब की भट्टिया धधक रही है। देसी शराब की तुलना में कच्ची शराब जहां कम दामों पर मिल जाती है। वहीं यह देसी शराब की अपेक्षा अधिक नशीली भी होती है। शाम ढलते ही गांव में नशेड़ियों की भीड़ जमा होने लगती है। खुलेआम अवैध कच्चीशराब के नशे में आए दिन सड़कों पर हादसे तो होते ही हैं। साथ ही क्षेत्र में चोरियों का ग्राफ भी तेजी से बढ़ा हुआ है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि जब भी कोई घटना होती है तो प्रशासन सिर्फ खानापूर्ति के नाम पर ऐसे लोगों को चौकी थाने तक लाकर फिर गठजोड़ करके छोड़ देते हैं।ठोस कार्रवाई न होने के चलते कच्ची शराब के व्यापारियों का हौसला बढ़ा हुआ है।इससे वह धड़ल्ले से अपने काम को अंजाम दे रहे हैं।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे, आधा दर्जन घायल

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा पुरानी रंजिश को को लेकर दबंगो ने एक परिवार पर लाठी डंडों से जान लेवा हमला कर अवैध तमंचे से गोली मार दी जिससे चाचा भतीजा समेत एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया वही दूसरे पक्ष से पति पत्नी व पुत्री घायल हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया जहां पर मौजूद डॉ ने गंभीर हालत देखते सभी घायलों जिला अस्पताल भेज दिया कोतवाली क्षेत्र के कस्बा सराय फजल अजीम निवासी दर्शन पुत्र सुखराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रात लगभग 8 बजे पड़ोसी राम आसरे राम खेलावन नन्हके पुत्र गण मुल्ला व उनके घर के अन्य परिजन लाठी डंडे व फरसा लेकर आए और मारने पीटने लगे शोर शराबा सुनकर मेरा भतीजा ओम प्रकाश पुत्र नन्हा अमरेश पुत्र नन्हे आए तो उक्त लोगों ने उन दोनों को भी जमकर मारा पीटा और रामआसरे ने अवैध तमंचे से गोली मार दी जो उसके हाथ में लगी है वही दूसरे पक्ष से राम खेलावन पुत्र रामासरे 35 वर्ष व उसकी 17 वर्षीय पुत्री रानी व नीलम मारपीट में घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है सभी घायलों का उपचार कराया जा रहा है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## भागवताचार्य ने भगवान कृष्ण के अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत धारण करने की सरस कथा का किया वर्णन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला खत्रियाना में स्थित महिला मंडल सत्संग भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार की रात्रि वृंदावन के विख्यात भागवताचार्य भारत भूषण जी महराज ने भगवान कृष्ण के अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत धारण करने की सरस कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि घमंड भगवान का भोजन है। कथा व्यास श्री भूषण जी महराज ने कहा कि राजा इंद्र वृंदावन की कुंज गलियों में गोवंश के साथ विचरण कर रहे भगवान श्रीकृष्ण को पहचान नहीं सके। इंद्र का घमंड चूर-चूर करने के लिए ही श्री कृष्ण ने गोप-ग्वालों से इंद्र की पूजा का निषेध कर श्री गोवर्धन महाराज की पूजा का आयोजन किया। तब क्रोधित होकर इंद्र ने अति वृष्टि कराई। भगवान ने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर धारण कर गोप-ग्वालों को तेज वर्षा से बचाया और इंद्र का घमंड तोड़ा। श्री गोवर्धन महाराज की पूजा और 56 भोग की प्रसादी में क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार भी पहुंचे और उन्होंने गिरिराज जी का पूजन-अर्चन कर व्यास जी को सम्मानित किया। बाद में यजमान अशोक रस्तोगी सहित चौ रमेश सिंह गुड्डू, चौ कमलेश सिंह कमलू, कृष्ण कुमार रस्तोगी व डॉ नीरज गुप्ता आदि ने विधायक श्री कटियार को अंग वस्त्र पहनाकर भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया। गोवर्धन पूजा में शरद अग्रवाल, डॉ प्रदीप रस्तोगी, पंडित राजकुमार द्विवेदी, पंडित सतीश चंद्र त्रिपाठी भागवताचार्य व पंडित संजीव दीक्षित आदि सहित सैकड़ों श्रोता भक्त मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार पुलिस ने बलात्कार के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया थाना क्षेत्र के एक गाँव से पीड़ित माँ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी पुत्री बीती 20 अगस्त को सुमेरपुर स्थित एक डिग्री कॉलेज में स्नातक तृतीय वर्ष में प्रवेश कराने गयी थी वहां से घर वापस नही लौटी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। पुलिस की जांच व खोजबीन उपरांत अप्रहतकर्ता छोटू उर्फ नैतिक पाल पुत्र देवी प्रसाद पाल निवासी ग्राम डुबकी थाना मलवा जनपद फतेहपुर का नाम प्रकाश में आया। जिस पर जांचोपरांत धारा 137(2) /87/ 64 (1) /351(3) बीएनएस व पाक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई। उक्त मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त छोटू उर्फ नैतिक पाल को थाना बिहार के उ0नि0 प्रेमनारायण पाण्डेय, हे0का0 नीरज कुमार व का0 शैलेश यादव ने गिरफ्तार कर मा०न्याया० भेज दिया।

## विद्यालय परिसर में क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



असोहा, उन्नाव।न्याय पंचायत स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता प्राथमिक विद्यालय रतवसिया में सम्पन्न हुई न्याय पंचायत स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का प्राथमिक विद्यालय रतवसिया में आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी आँचल सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया खण्ड शिक्षा अधिकारी ने खेलो के महत्व पर चर्चा की और विभिन्न विद्यालयो से आये छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया वही कार्यक्रम में ARP प्रवीण सिंह, सन्तोष श्रीवास्तव, मनोज पटेल उपस्थित रहे वही विजेता छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया इस अवसर पर हरिकिशोर मिश्रा नोडल संकुल, विनोद कुमार, अमरीश चन्द, अंकित पटेल, अंकित गौतम, अम्बिका चौरसिया, पूनम सिंह, गीता, अतुल बाजपेई, शोभनाथ, पंकज, महेन्द्र, शैलेंद्र, वीरेंद्र दीक्षित, सहित शिक्षक शिक्षिका मौजूद रहे प्राथमिक विद्यालय रतवारिया के प्रधान शिक्षक प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# किशोरी को बहलाफुसलाकर ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत नाबालिक को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर मा०न्याया० भेज दिया। थाना क्षेत्र के एक गाँव से पीड़ित माँ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिक पुत्री को 16 सितंबर को उसके दूर के रिस्तेदार अभय उर्फ हिमांशू सिंह पुत्र डबलू सिंह निवासी ग्राम अमिया थाना गौरीगंज जनपद अमेठी बहला फुसला कर भगा ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 137(2)/87 इठर के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। उक्त मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त अभय सिंह उर्फ हिमांशू को ग्राम खट खट थाना कुन्डली से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुये मा० न्या० के समक्ष भेज दिया गया।

# नवीन गंगा पुल पर लगा रहा घंटों भीषण जाम

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मंगलवार सुबह शुक्लागंज स्थित नवीन गंगापुल पर भीषण जाम लग गया, जिससे कानपुर-उन्नाव मार्ग पर यातायात दो घंटे तक बाधित रहा। इस दौरान स्कूल-कॉलेज के छात्र, दफ्तर जाने वाले कर्मचारी और अन्य राहगीर घंटों तक फंसे रहे, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह स्थिति सुबह करीब 8:30 बजे तब बनी जब ऑफिस और स्कूल जाने के समय वाहनों की संख्या अधिक थी। पुल के बीचोंबीच एक वाहन खराब होकर खड़ा हो गया। पीछे से आ रहे वाहनों ने ओवरटेक करने का प्रयास किया, जिससे पुल की दोनों लेनें अवरुद्ध हो गईं और कुछ ही मिनटों में यातायात पूरी तरह ठप हो गया। जाम की सूचना मिलते ही शुक्लागंज थाने की पुलिस और यातायात पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद यातायात को धीरे-धीरे सामान्य किया। हालांकि, पुल के दोनों छोर पर देर तक वाहन धीमी गति से चलते रहे। जाम के कारण कई स्कूली वाहन छात्रों को समय पर नहीं पहुंचा सके। दफ्तर जाने वाले कई कर्मचारियों को अपने वाहन छोड़कर पैदल ही पुल पार करना पड़ा। एक राहगीर मनोज ने बताया कि वह सुबह शुक्लागंज से कानपुर के लिए निकले थे, लेकिन 10 बजे तक भी पुल पार नहीं कर पाए थे। उन्नाव से कानपुर की ओर जा रहे यात्रियों को भी इसी तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि नवीन गंगापुल पर खासकर दफ्तर और स्कूल के समय अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। इसके बावजूद यातायात व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। लोगों ने मांग की है कि पुल पर सुबह-शाम अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए और भारी वाहनों की आवाजाही को प्रतिबंधित किया जाए।

# भीषण सड़क हादसा, लोडर में पीछे से टकराई कार, दोनो चालक घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर झपकी व तेज रफ्तार ने कार सवार हरियाणा प्रांत के गुरुग्राम में रहने वाले अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गए । आगे चल रहे लोडर में कार के पीछे से टकराने के बाद दाई ओर बैठे चालक की एयर बैग खुलने के बाद जान बच गई। वहीं लोडर चला रहे युवक हरदोई जनपद के मल्लावां थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजीगंज निवासी नासिर पुत्र शाकिर उम्र 30 वर्ष भी घायल हो गया.दोनों घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है.जहां पर दोनों की हालत गंभीर है। दरअसल बेहटा मुजाबर थाना क्षेत्र अंतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलो मीटर संख्या 245 स्थित जोगीकोट गांव के निकट लखनऊ से गुड़गांव जा रहे कर चालक और लखनऊ से मल्लावां आ रहे लोडर चालक के पीछे कार भिड़ गई.जिससे हादसे में दोनों वाहन बुरी तरह छतीग्रस्त हो गए.

सूचना पर पहुंची यूपीडा टीम ने कार में फंसे चालक को बाहर निकाला और सीएचसी बांगरमऊ भिजवाया। जहां पर मौजूद चिकित्सक डॉक्टर नीरज शुक्ला ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है।घायलों के पास मौजूद फोन के द्वारा परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। घटना के बाद अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।हादसे के बाद कुछ देर तक जाम की स्थिति बनी रही. मौके पर पहुंचे पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को क्रेन की मदद से हटवा दिया है। यातायात सुचारू रूप से चल रहा है.

थाना प्रभारी मुन्ना कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है जांच की जा रही है प्रथम द्दष्टया चालक को झपकी आने से हादसा होना प्रतीत हो रहा है।

## विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियान के अंतर्गत ग्राम चौपाल का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत मटुकरी में आज मुख्यमंत्री मा० योगी आदित्यनाथ के निर्देश के क्रम में विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियान के अंतर्गत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमे ग्राम सचिव एवं ग्राम प्रधान के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न विकासोन्मुखी एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। मालूम हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश एवं प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाते हुए आगामी वर्ष 2047 तक भारत को पूर्ण रूप से विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसके लिए प्रदेश सरकार ने विभिन्न विकासपरक, जनहितकारी योजनाओं को लागू किया है जिसका लाभ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के वंचित तबके के लोगों को सीधे मिल रहा है।

# दीपावली के पर्व को देखते खाद्य सुरक्षा अभियान में तेजी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज जैसे प्रमुख त्योहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा अभियान तेज कर दिया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीमों ने जिले के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की। इस दौरान मिलावट के संदेह में कई प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। इस अभियान का उद्देश्य त्योहारों के दौरान शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। सहायक आयुक्त (खाद्य) प्रियांका सिंह के नेतृत्व में गठित टीमों ने जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई की। एक टीम ने चौधरी डेयरी, शेखरपुर नहर, आनंद नगर, उन्नाव का निरीक्षण किया और पनीर, दूध, दही के नमूने लिए। मौके पर सुधार के लिए नोटिस भी जारी किया गया। स्वीट्स से भी मिठाई के नमूने लिए। यहां साफ-सफाई और भंडारण व्यवस्था में कमी पाए जाने पर सुधार नोटिस जारी किया गया। इसके अतिरिक्त, जय स्वीट हाउस एंड रेस्टोरेंट, गंगाघाट रोड, उन्नाव से दूध, खोया, पनीर, बेसन और घी के नमूने एकत्र कर परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सभी संकलित नमूनों को राज्य खाद्य प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार कटियार, आशीष कुमार वर्मा, रजनी पांडेय, प्रतिभा वर्मा, सुनील रूबी बाजपेयी और उपासना साहू भी शामिल रहे। सहायक आयुक्त (खाद्य) ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान मिलावटखोरी के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई गई है। किसी भी व्यापारी द्वारा मिलावट पाए जाने पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अखंड रामचरित मानस पाठ कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता

अमन लेखनी समाचार




हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र के अशूरनखेड़ा ग्राम के मजरे फिरोजपुर में चल रहे अखंड रामचरितमानस पाठ कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। यह धार्मिक आयोजन ग्राम के श्रद्धालु अमित शुक्ला द्वारा बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव से कराया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विमल द्विवेदी विशेष रूप से उपस्थित हुए। उनके पहुंचने से कार्यक्रम की शोभा और भी बढ़ गई। उन्होंने पूजा-अर्चना कर मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त किया और उपस्थित श्रद्धालुओं को सनातन धर्म के प्रति आस्था और एकता बनाए रखने का संदेश दिया। विमल द्विवेदी का आयोजन समिति की ओर से अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता ने कहा कि ₹सनातन धर्म हमारी संस्कृति की आत्मा है, इसे मजबूत बनाना हर भारतीय का कर्तव्य है।₹

कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग एवं युवा मौजूद रहे, जिनमें आशीष मिश्रा अन्नू (जिला पंचायत प्रत्याशी हसनगंज), संदीप मिश्र, अमित शुक्ला, शिवम सिंह, शुभम, विक्की चौहान सहित अन्य ग्रामीण और भक्तगण उपस्थित रहे। पूरे आयोजन स्थल पर धार्मिक भजनों की गूंज और जय श्रीराम के नारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## सुख तो हमारे भीतर है बस हम उसका अनुभव नहीं कर पाते

अमन लेखनी समाचार



असोहा, उन्नाव। क्षेत्र के अजयपुर स्थित पावन धाम कुटीबीर बाबा में चल रहे दँसम नवदिवसीय हनुमत रुद्र महायज्ञ एवम मानस वेदांत सन्त सम्मेलन में के छठे दिन चल रही रामकथा में प्रयाग से आये मानस लहरी जी ने भक्तों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सुख की खान ईश्वर ही है, इसलिये उनसे ही नाता जोड़ना होगा, इस कलिकाल में प्रभु ही मुक्ति दे सकते है। उन्होंने कहा जिसके अंदर धैर्य, , करुणा, त्याग है वो सब मे ईश्वर पा सकता है, कथा के दौरान उन्होंने कहा मनुष्य के अंदर चार पुरुषार्थ है धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इनके ऊपर यदि विजय प्राप्त कर ली तो ईश्वर को प्राप्त करने का रास्ता मिल जाएगा। मानस लहरी जी ने बताया की प्रभु राम हमे जीवन का सार बताते है उनके अंदर ज्ञान, बैराग्य, भक्ति का अद्भुत समावेश था। यज्ञ के दौरान हुए रुद्राभिषेक में भक्तों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथायज्ञ शाला की फेरी लगाने में महिला व बच्चो की भीड़ लगी रही। कथा के दौरान भाजपा नेता उत्तम चन्द्र लोधी, प्रधान पुनीत शुक्ल, प्रधान राजेन्द्र सिंह, अमित दिछित, सीतल प्रसाद, देवा सोनकर, श्रीपाल, राजेश चौधरी, गुड्डू भदौरिया, प्रवीण शुक्ल, अर्पित मिश्र, हरिकृष्ण शुक्ल, अनुज शुक्ल, आकास विश्वकर्मा, अंसल, जावेद अली सहित तीन दर्जन पत्रकारों को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

**अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के भारत दौरे ने पड़ोसी पाकिस्तान को जोर का झटका दिया है। भारत की इस रणनीति से पाकिस्तान इतना बौखलाया कि उसने विदेश मंत्री के भारत दौरे के बीच ही अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक को अंजाम दे दिया। हालांकि पाक दावा कर रहा है कि उसने टीटीपी के आतंकियों पर हवाई प्रहार किया है, लेकिन सच यही है कि पाक सरकार अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के भारत दौरे से इतनी घबराई है कि उसने अफगानिस्तान को चेताने के इरादे से ही हवाई हमले को अंजाम दिया है। भारत और अफगानिस्तान के कूटनीतिक तौर पर अत्यंत निकट आ जाने के पीछे विशिष्ट कारण रहा है कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के ताल्लुकात बेहद खराब स्थिति में पहुंच गए हैं। इधर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के प्रति शत्रुता पूर्ण रुख अख्तियार करके पाकिस्तान के प्रति अपनी मोहब्बत और दोस्ती का इजहार कर दिया है। अब सवाल यह है कि भारत ने कट्टर इस्लामी मुल्क अफगानिस्तान के साथ आखिरकार दोस्ती का हाथ क्यों बढ़ा दिया है? इसके पीछे रणनीति क्या है। इसी का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# अफगानिस्तान-हिंदुस्तान के नए रिश्ते



**विश्लेषण**

प्रभात कुमार रॉय

विदेश मामलों के जानकार

अफगानिस्तान में अगस्त वर्ष 2021 में तालिबान हुकूमत के सत्तासीन होने के पश्चात वहां के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी ने पहली दफा जिस मुल्क का कूटनीतिक दौरा अंजाम दिया है, वह मुल्क है हिंदुस्तान। उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी पर किसी भी विदेशी मुल्क की यात्रा करने पर प्रतिबंध आयद किया हुआ है, क्योंकि मुत्तकी संयुक्त राष्ट्र सिक्योरिटी काउंसिल द्वारा घोषित और प्रतिबंधित किए गए वैश्विक आतंकवादियों की लिस्ट में अभी तक शुमार हैं। भारत की कूटनीतिक पहल पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा 9 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक आमिर खान मुत्तकी को भारत का कूटनीतिक दौरा करने की विशेष अनुमति प्रदान की गई। हालांकि भारत द्वारा अभी तक अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत को बाकायदा मान्यता प्रदान नहीं की गई। विश्व पटल पर बॉयकाट मुल्क करार कर दिए गए अफगानिस्तान को भारत सरकार ने आखिरकार अपने गले से क्यों और कैसे लगा लिया है। वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का मूल मंत्र रहा है कि दुश्मन का दुश्मन सदैव ही दोस्त हुआ करता है। वैश्विक कूटनीति के इसी मंत्र का जाप करते हुए भारतीय विदेश नीति ने अपनी करवट बदल ली है और अब अफगानिस्तान से प्रबल दोस्ती करने की ठान ली है।

> **भारत की कूटनीतिक पहल पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा 9 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक आमिर खान मुत्तकी को भारत का कूटनीतिक दौरा करने की विशेष अनुमति प्रदान की गई। हालांकि भारत द्वारा अभी तक अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत को बाकायदा मान्यता प्रदान नहीं की गई। अब तो अफगानिस्तान वस्तुतः भारत का प्रबल दोस्त बन जाने के कगार पर खड़ा है। भारत यकीनन दुनिया में किसी भी मुल्क से दुश्मनी नहीं चाहता। उम्मीद जगी है कि भारत और अफगानिस्तान की दोस्ती भारतीय महाद्वीप में संभवतः एक नया रंग ला पाएगी।**

## आतंक का गढ़ अफगानिस्तान

भारत और अफगानिस्तान के कूटनीतिक तौर पर अत्यंत निकट आ जाने के पीछे विशिष्ट कारण रहा है कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के ताल्लुकात बेहद खराब स्थिति में पहुंच गए हैं। इधर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के प्रति शत्रुता पूर्ण रुख अख्तियार करके पाकिस्तान के प्रति अपनी जबरदस्त मोहब्बत और दोस्ती का इजहार कर दिया गया है। वैश्विक जेहादी आतंकवाद का पाकिस्तान के बाद सबसे बड़ा गढ़ करार दिए जाने वाले कट्टर इस्लामी मुल्क अफगानिस्तान से आखिरकार जनतांत्रिक भारत ने दोस्ती का हाथ क्यों बढ़ा दिया है? यक्ष प्रश्न है? जोकि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के अनेक जाने-माने जानकारों के दिलों दिमाग में कौंध रहा है? अगस्त वर्ष 2021 में तालिबान के दुर्दांत जेहादी लड़ाकों ने अमेरिकन हुकूमत द्वारा सैन्य रूप से समर्थित और पोषित अफगानिस्तान की अशरफ गनी और अब्दुल्ला सरकार को सत्ता से उखाड़ कर संपूर्ण अफगानिस्तान पर अपना सैन्य आधिपत्य स्थापित कर लिया। अफगानिस्तान से अमेरिकन सैनिकों को अपने आधुनिकतम हथियारों को छोड़कर उसी तरह से पलायन कर जाने पर विवश हो जाना पड़ा, जिस तरह से कभी वियतनाम से अमेरिकी सैनिक मैदान ए जंग को छोड़कर भाग खड़े हुए थे। तालिबान हुकूमत को दुनिया के किसी भी मुल्क ने उस वक्त मान्यता प्रदान नहीं की, यहां तक कि पाकिस्तान ने भी नहीं दी। भारत ने भी वर्ष 2021 में काबुल स्थित अपना दूतावास बंद कर दिया था।

## रूस ने दी सबसे पहले मान्यता

4 जुलाई 2025 को सबसे पहले तालिबान हुकूमत को मान्यता प्रदान करने वाला मुल्क बना प्रेसिडेंट पुतिन का रूस। जबकि अफ़गानिस्तान में वर्ष 1980 से 1990 तक अफगान मुजाहिद और रुस के सैनिक भीषण तौर पर युद्धरत रहे। कूटनीति के मैदान में कोई भी मुल्क सदैव के लिए दुश्मन और दोस्त नहीं हुआ करते हैं। उल्लेखनीय है कि पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रेरित और पोषित आतंकवादियों के नृशंस बर्बर आक्रमण के तत्पश्चात तालीबान हुकूमत ने जिस तरह की हार्दिक सहानुभूति और संवेदनशीलता भारत के प्रति प्रकट की थी, उसी के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार का कूटनीतिक दृष्टिकोण अफगानिस्तान के प्रति परिवर्तित होना प्रारंभ हो गया था। कूटनीटिक परिवर्तन के तत्पश्चात दोनों देशों की कूटनीतिज्ञों के मध्य घनिष्ठ वार्ताएं प्रारंभ हुई। वर्ष 2021 के बाद समाप्त हो गए पारस्परिक व्यापारिक रिश्ते फिर से कायम हो गए। तालिबान हुकूमत के सत्ताशीन होने से पहले भारत ने मुखतलिफ प्रोजेक्टस में दस हजार करोड़ का आर्थिक सहायता निवेश अफगानिस्तान में अंजाम दिया था।



## खनन कंपनियों को न्योता

सर्वविदित है कि अफगानिस्तान में खनिजों का एक बड़ा खजाना विद्यमान है। भारत की खनन कंपनियों को तालिबान हुकूमत ने अफगानिस्तान में खनन करने के लिए आमंत्रित किया है। वस्तुतः भारत भी रूस की तरह से ही अफगानिस्तान को कूटनीतिक मान्यता प्रदान करने की प्रक्रिया में संलग्न है। नई दिल्ली में 9 अक्टूबर को तालिबान हुकूमत के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी से द्विपक्षीय वार्ता के दौरान भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ऐलान कर दिया है कि भारत अपने टेक्निकल मिशन को अफगानिस्तान में भारतीय दूतावास के स्तर पर ले जाने का फैसला कर चुका है। औपचारिक तौर पर तो कदाचित नहीं, वरन् अनौपचारिक तौर से भारत ने अफगानिस्तान को मान्यता प्रदान कर ही दी है। आमिर खान मुत्तकी का दिनांक 9 अक्टूबर कूटनीतिक दौरा भारत में प्रारंभ हुआ, उसी रोज पाकिस्तान वायुसेना के बमवर्षक विमानों ने काबुल पर बमबारी अंजाम दी है। भारत की सरजमीं से अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को सीधी सैन्य चुनौती देते हुए फरमाया कि पाकिस्तान हमारी कुव्वत और हिम्मत को परखने की कोशिश कदापि ना करें तथा किसी तरह से हिमाकत करने से पहले अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो देशों से हमारी लड़ाकू शक्ति बारे में जाकर समुचित जानकारी तो ले ले। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने विशिष्ट ऐलान किया अफगानिस्तान में अब कोई आतंकवादी गिरोह शेष नहीं बचा है। हमारी अफ़गान सरजमीं का एक भी इंच टुकड़ा भी आतंकवादियों के नियंत्रण में नहीं है। वर्ष 2021 में जिस अमेरिका परस्त अशरफ गनी हुकूमत के खिलाफ हमने मिलिटेंट ऑपरेशन अंजाम दिया था, तालिबान हुकूमत के तहत वो अफगानिस्तान अब पूरी तरह से परिवर्तित हो चुका है। उन्होंने साफ तौर पर बयान किया कि पाकिस्तान और अन्य देश भी आतंकवादियों के खिलाफ वैसा ही जबरदस्त कदम उठाएं जैसा कठोर कदम अफगानिस्तान ने शांति और अमन स्थापित करने के लिए उठाया है।

## दोस्ती के रास्ते खुले

भारत यकीनन दुनिया में किसी भी मुल्क से दुश्मनी नहीं चाहता। भारत ने तो पाकिस्तान से भी दोस्ती करने के अनेक दफा गंभीर प्रयास किए, लेकिन कोई भी नतीजा नहीं निकला। अब तो अफगानिस्तान वस्तुतः भारत का प्रबल दोस्त बन जाने के कगार पर खड़ा है। उम्मीद जगी है कि भारत और अफगानिस्तान की दोस्ती भारतीय महाद्वीप में संभवतः एक नया रंग ला पाएगी।

# बहुत गहरी हैं भारत-अफगान संबंधों की ऐतिहासिक जड़ें



**उम्मीद**

विवेक शुक्ला

वरिष्ठ स्तंभकार

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तकी की भारत यात्रा ने पुरानी दोस्ती में नई जान फूंक दी है। मुत्तकी बीते गुरुवार को राजधानी दिल्ली पहुंचे, जहां उन्होंने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से विस्तृत चर्चा की। यह 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद अफगानिस्तान के किसी वरिष्ठ नेता की पहली भारत यात्रा है। इस मुलाकात में भारत ने काबुल में अपने पूर्ण दूतावास को फिर से सक्रिय करने की घोषणा की, जो चार वर्षों के अंतराल के बाद एक बड़ा कूटनीतिक कदम है। मुत्तकी की यात्रा से एक उम्मीद बंधी है। विदेश मंत्री जयशंकर ने पाकिस्तान को 'साझा खतरा' बताया, जबकि तालिबान ने 2025 के पहलगाम हमले की निंदा की। भारत-अफगानिस्तान संबंध शताब्दियों की परीक्षा से गुजरे हैं। प्राचीन बौद्ध विरासत से आधुनिक बुनियादी ढांचे तक, ये बंधन लचीले साबित हुए। मुत्तकी की यात्रा मानवतावादी सहायता को कूटनीतिक संवाद में बदलने का अवसर है। जैसे अशोक के शिलालेख आज भी बोलते हैं। दोनों देशों को आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक विकास जैसे साझा मुद्दों पर एकजुट होना होगा। यह न केवल क्षेत्रीय शांति के लिए जरूरी है, बल्कि साझा इतिहास की मांग भी। लेकिन मुत्तकी की यह यात्रा केवल वर्तमान की राजनीति नहीं, बल्कि भारत-अफगानिस्तान के गहन ऐतिहासिक बंधनों की याद दिलाती है। सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर आधुनिक विकास परियोजनाओं तक, ये संबंध सांस्कृतिक, आर्थिक और रणनीतिक धागों से बुने गए हैं। भारत और अफगानिस्तान के संबंध प्राचीन काल से ही गहरे हैं, जब ये क्षेत्र एक सांस्कृतिक निरंतरता का हिस्सा थे। सिंधु घाटी सभ्यता (लगभग 3300-1300 ईसा पूर्व) के अवशेष अफगानिस्तान के उत्तरी भागों में भी मिलते हैं, जो व्यापारिक मार्गों के माध्यम से जुड़े हुए थे। चंद्रगुप्त मौर्य के समय (305 ईसा पूर्व) यह संबंध औपचारिक रूप ले चुके थे। सेल्यूकस निकेटर ने अफगान क्षेत्र मौर्य साम्राज्य को सौंप दिया, बदले में 500 हाथी और वैवाहिक संबंध प्राप्त किए। सम्राट अशोक (268-232 ईसा पूर्व) ने अफगानिस्तान को बौद्ध धर्म का केंद्र बनाया। कंधार में उनके शिलालेख आज भी मौजूद हैं, जो धम्म के प्रचार की गवाही देते हैं। मौर्य साम्राज्य के पतन के बाद भी, इंडो-ग्रीक और कुशान साम्राज्यों ने इस क्षेत्र को भारतीय उपमहाद्वीप से जोड़े रखा। कुषाण शासक कनिष्क (मध्य पहली शताब्दी) ने बौद्ध धर्म को पुनर्जीवित किया, जिसका प्रभाव गंधार कला में दिखता है। ये प्राचीन संबंध केवल राजनीतिक नहीं, सांस्कृतिक थे। अफगानिस्तान के बामियान बुद्ध (जो 2001 में तालिबान द्वारा नष्ट किए गए) भारतीय बौद्ध विरासत के प्रतीक थे। व्यापार मार्गों ने मसाले, रत्न और विचारों का आदान-प्रदान सुनिश्चित किया, जो आज भी दोनों देशों की साझा विरासत को दर्शाता है। मध्यकाल में अफगानिस्तान भारत के लिए अवसर और चुनौती दोनों रहा। 10वीं शताब्दी से गजनवी, गौरी, खिलजी, लोदी और मुगल जैसे अफगान मूल के वंशों ने उत्तरी भारत पर आक्रमण किए, जो राजनीतिक उथल-पुथल लाए लेकिन सांस्कृतिक समन्वय भी। महमूद गजनवी (998-1030) के आक्रमणों ने सोमनाथ मंदिर को लूटा, लेकिन इन्होंने फारसी साहित्य और वास्तुकला को भारत में रोपा। गौरी वंश (12वीं शताब्दी) ने दिल्ली सल्तनत की नींव रखी, जो अफगान शासकों द्वारा संचालित थी। मुगल काल (1526-1858) में यह संबंध और गहरा हुआ। बाबर, अफगान मूल का था। 18वीं शताब्दी में अहमद शाह दुर्रानी ने अफगान साम्राज्य स्थापित किया, जिसने पंजाब तक विस्तार किया, लेकिन महाराजा रणजीत सिंह के सिख साम्राज्य ने इसे रोका। इस काल में आर्थिक लेन-देन फला-फूला। अफगानिस्तान के सूखे मेवे, घोड़े और ऊनी वस्त्र भारत पहुंचे, जबकि भारतीय वस्त्र और मसाले अफगान बाजारों में बिके। सांस्कृतिक रूप से, सूफी संतों जैसे ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (अजमेर) ने दोनों क्षेत्रों को जोड़ा। हालांकि आक्रमणों ने तनाव पैदा किया, लेकिन ये संबंध विनाशकारी नहीं, बल्कि परिवर्तनकारी साबित हुए। 19वीं शताब्दी में ब्रिटिश उपनिवेशवाद ने इन संबंधों को नया मोड़ दिया। अफगानिस्तान और ब्रिटिश भारत पड़ोसी थे, लेकिन 'ग्रेट गेम' में रूस के साथ ब्रिटेन की होड़ ने अफगानिस्तान को बफर राज्य बना दिया। भारत ने अफगानिस्तान के साथ 1950 में 'मैत्री संधि' पर हस्ताक्षर किए, जो शांति और राजनयिक संबंधों की गारंटी थी। 1973 में मोहम्मद दाऊद खान के गणतंत्र को मान्यता दी गई, लेकिन 1979 के सोवियत आक्रमण ने संबंधों को जटिल कर दिया।

> ***इस मुलाकात में भारत ने काबुल में अपने पूर्ण दूतावास को फिर से सक्रिय करने की घोषणा की, जो चार वर्षों के अंतराल के बाद एक बड़ा कूटनीतिक कदम है। मुत्तकी की यात्रा से एक उम्मीद बंधी है।***

# अमेरिका समेत चीन व पाकिस्तान को संदेश



**कूटनीति**

डॉ. एन.के. सोमानी

स्वतंत्र पत्रकार

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी इन दिनों भारत के दौरे पर है। साल 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार आने के बाद यह पहला अवसर है जब तालिबान सरकार का कोई बड़ा मंत्री भारत के दौरे पर आया है। यात्रा के दौरान मुत्ताकी ने जिस तरह से भारत-अफगानिस्तान द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने की पहल की है, उससे अमेरिका, चीन और पाकिस्तान की बेचैनी बढ़ती दिख रही है। खासतौर से भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ वार्ता के दौरान मुत्ताकी ने भारत के खिलाफ अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल नहीं होने देने व भारत में दुतावास शुरू करने की बात कही है, उससे पाकिस्तान सकते में आ गया है। मुत्ताकी ने कहा कि भारत ने हमेशा मुश्किल समय में अफगानिस्तान का साथ दिया है। हमारे संबंध केवल व्यापार तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि सुरक्षा, संस्कृति, खेल और अन्य संबंधों से भी जुड़े हैं। मुत्ताकी अमेरिका द्वारा बगराम एयरबैस की मांग की पृष्ठभूमि के बीच भारत के दौरे पर आए हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि तालिबान सरकार द्वारा अमेरिका को बगराम एयरबेस देने से इनकार के बाद उपजे हालातों के दृष्टिगत अफगानिस्तान के विदेशमंत्री किसी कूटनीतिक लक्ष्य को साधने के लिए भारत से संबंध सुधारने की पहल कर रहे हैं। यह आशंका इसलिए उठ रही है क्योंकि मुत्ताकी भारत आने से पहले रूस गए थे। रूस यात्रा के दौरान भी उन्होंने बगराम एयरबैस का मुद्दा उठाया था। रणनीतिक दृष्टि से बगराम एयरबेस ईरान, पाकिस्तान, चीन और मध्य एशिया के समीप होने के कारण अमेरिका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण ठिकाना है। 2021 में अमेरिका ने इसी खाली कर दिया था। अब ट्रंप दोबारा सत्ता में आने के बाद इस पर फिर से कब्जा करना चाहते हैं। सत्ता में आने के बाद तालिबान ने पाकिस्तान को दरकिनार कर भारत के साथ संबंध बढाने षुरू कर दिए। भारत ने मुत्ताकी के दौरे को औपचारिक मान्यता नहीं बल्कि रणनीतिक संवाद का माध्यम बताया है। भारत यात्रा के दौरान मुत्ताकी ने विदेशमंत्री व अन्य अधिकारियों से राजनयिक, व्यापारिक और आर्थिक साझेदारियों को लेकर बात कर है, उससे जाहिर है कि अफगानिस्तान की राजनीति में भारत के लिए दरवाजे खुले हुए हैं।

> ***मुत्ताकी ने जिस तरह से भारत-अफगानिस्तान द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने की पहल की है, उससे चीन अमेरिका और पाकिस्तान की बेचैनी बढ़ती दिख रही है***

# भारत की रणनीति ने पाकिस्तान को दिया जोर का झटका




**रणनीति**

महेंद्र पंडित

वरिष्ठ पत्रकार

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के भारत दौरे ने पड़ोसी पाकिस्तान को जोर का झटका दिया है। भारत की इस रणनीति से पाकिस्तान इतना बौखलाया कि उसने विदेश मंत्री के भारत दौरे के बीच ही अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक को अंजाम दे दिया। हालांकि पाक दावा कर रहा है कि उसने टीटीपी के आतंकियों पर हवाई प्रहार किया है, लेकिन सच यही है कि पाक सरकार अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के भारत दौरे से इतनी घबराई है कि उसने अफगानिस्तान को चेताने के इरादे से ही हवाई हमले को अंजाम दिया है। असल में जब अफगान में हामिद करजई की सरकार थी, उसके बारे में यही कहा जाता था कि वो काबुल के चेयरमैन हैं, उससे ज्यादा कुछ नहीं। वो पूरी तरह से विदेशी सहायता पर निर्भर थे। इसी के चलते पाकिस्तान को अफगान में दखल का मौका मिल रहा था। अब तालिबान सरकार पूरी तरह से एकजुट दिख रही है। इसके चलते पाक को दखल का मौका मिलना तो दूर अफगान से सीधा मुकाबला भी मिल रहा है। वो पहले से ही अफगान सरकार के तेवर से बेहद परेशान था। अब अगर तालिबान सरकार को भारत का भी साथ मिलता है तो पहले से ही कंगाली की हालत में पहुंचे पाकिस्तान को जोर का झटका लगना तय है। भारत ने अफगानिस्तान की तालिबान




सरकार को ऑफिशियली मान्यता भी नहीं दी है। हालांकि भारत लंबे वक्त से अफगानिस्तान के साथ बैकडोर डिप्लोमेसी करता रहा है। यही कारण रहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अफगानिस्तान भारत के पक्ष में खड़ा नजर आया। अब आमिर खान मुत्तकी की भारतीय विदेश मंत्री एस.जयशंकर से मुलाकात के दौरान दोनों ओर से कमाल की गर्मजोशी दिखी। एस. जयशंकर ने मुत्तकी को न सिर्फ गर्मजोशी से गले लगाया, बल्कि काबुल में भारत के तकनीकी मिशन को पूर्ण दूतावास का दर्जा देने की घोषणा भी कर दी। भारत ने उसे सद्भावना के नाम पर पांच एम्बुलेंस सौंप दी हैं। भारत का अफगानिस्तान के प्रति प्यार नया नहीं है। दशकों से हमने स्वास्थ्य, शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर में करोड़ों रुपये झोंके हैं। कोविड वैक्सीन से लेकर गेहूं तक अफगानिस्तान को जब भी किसी सहायता की जरूरत महसूस हुई, भारत ने दी है।

आतंक का पोषक पाकिस्तान उम्मीद लगाए हुए था कि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार भारत के खिलाफ उसके समर्थन में खड़ी होगी, लेकिन भारत की रणनीति ने उसे चारों खाने चित कर दिया। यही कारण है कि वह महज चार साल पहले अमेरिकी सेना के शिकंजे से आजाद हुए अफगानिस्तान पर हवाई हमले कर रहा है।

# अफगानिस्तान पर कूटनीतिक जागरूकता और सजगता जरूरी



**चौकसी**

विकेश कुमार बडोला

स्वतंत्र पत्रकार

वैश्विक राजनीति एवं कूटनीति को अपने-अपने देशों के हित में साधने के लिए भारत व अफगानिस्तान विशेष प्रयास कर रहे हैं। इसी उद्देश्य के साथ अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी गत 9 अक्टूबर को छह दिवसीय भारत यात्रा पर दिल्ली पहुंचे और अगले ही दिन दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की एक उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई। इसमें भारतीय मंत्री ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पुनः दूतावास खोलने की बड़ी घोषणा की तथा अफगानिस्तानी मंत्री ने कहा कि उनका शासन अपनी भूमि से भारत विरोधी किसी भी आतंकी षड्यंत्र व गतिविधि को नहीं होने देगा।

इसी के साथ दोनों देशों के मंत्रियों ने पारस्परिक संप्रभुता एवं स्वायत्तता की सुरक्षा और द्विपक्षीय कूटनीतिक व व्यापारिक संबंधों की दृढ़ता के लिए भी महत्वपूर्ण संवाद किया है। अपनी यात्रावधि में अफगानी विदेश मंत्री भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा परामर्शक अजीत डोभाल के साथ भी भेंटवार्ता करेंगे। विश्व के प्रमुख देशों की भांति ही भारत ने भी तालिबानी शासन को आधिकारिक मान्यता तो नहीं दी है, किंतु अफगानिस्तान के साथ भारत सहित सभी देशों के व्यापारिक-आर्थिक संबंध पहले जैसे ही हैं। नब्बे के दशक से लेकर 2014 तक अफगानिस्तान, रूस व अमेरिका की पारस्परिक शत्रुता का प्रायोगिक क्षेत्र बना रहा। कभी वहां रूसी सेना तैनात हुई थी। उस समयावधि के बाद से लेकर 2021 तक अमेरिकी सेना की तैनाती ने उस देश में तालिबान आतंकवाद को फलने-फूलने का अवसर दिया। हालांकि तालिबानी गतिविधियों को आतंकी गतिविधियां भी अमेरिका ने ही बताया था, जबकि अफगानिस्तान की अधि जनसंख्या अशरफ गनी के शासनकाल में भी तालिबानगामी शासन की पक्षधर थी। पूरे एक दशक तक तालिबानी लड़ाकों एवं अमेरिकी सेना के मध्य सशस्त्र संघर्ष होता रहा। इस अवधि में संपूर्ण अफगानिस्तान बुरी तरह अस्थिर रहा। अमेरिका, रूस, पाकिस्तान, अफगानिस्तानी शासन व तालिबान समूह की कूटनीतियों के कारण यह देश निरंतर गृहयुद्ध व आत्मघात की स्थितियों-परिस्थितियों में पिसता रहा। इस स्थिति में भी भारत ने वहां के तत्कालीन शासन के सहयोग से उस देश में मूलभूत अवसंरचना के निर्माण सहित अनेक विकासपरक कार्य संपन्न किए, जिनका महत्व अब का तालिबानी



> **भारत ने अफगानिस्तान में पुनः दूतावास खोलने की घोषणा की व अफगानिस्तानी मंत्री ने कहा कि उनका शासन अपनी भूमि से भारत विरोधी किसी भी आतंकी षड्यंत्र व गतिविधि को नहीं होने देगा।**

शासन भी भलीभांति जानता-समझता है। वास्तव में अफगानिस्तान के तालिबानी शासन के विदेश मंत्री की भारत यात्रा का मुख्य उद्देश्य बगराम हवाई क्षेत्र पर अमेरिका की गिद्धदृष्टि के प्रतिरोध में वैश्विक दक्षिण के प्रमुख व शक्तिशाली देशों का प्रतिरोधपरक समर्थन प्राप्त करना है। चूंकि इस संदर्भ में रूस के मास्को में आमिर खान मुत्तकी को रूस, चीन, पाकिस्तान, ईरान इत्यादि देशों ने अपना-अपना समर्थन दे दिया है, अतः अब तालिबानी नेता की मंशा है कि भारत भी बगराम हवाई स्थल पर अमेरिकी कब्जे की इच्छा का दृढ़ विरोध करे। अमेरिका के संदर्भ में यह अतिविडंबना ही मानी जाएगी कि अपने प्रथम कार्यकाल में जहां ट्रंप ने अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती का विरोध किया, इसे धन-संसाधन की बर्बादी कहा, कार्यकाल के अंतिम दिनों में अमेरिकी सैनिकों की वापसी भी करवा दी तथा डेमोक्रेट्स के शासन में राष्ट्रपति जो. बाइडेन ने बगराम हवाई क्षेत्र में विद्यमान अंतिम अमेरिकी अवसंरचना हटा अफगानिस्तान को पूरी तरह अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप से मुक्त कर दिया था, वहां अब ट्रंप पुनः बगराम में एक प्रतीकात्मक अमेरिकी सैन्य शिविर की स्थापना करने को व्याकुल हैं। परिणामस्वरूप लोकतांत्रिक रूप में अस्थिर अनेक देशों में अमेरिका की ओर से सैन्य तैनातियां हुईं, सैन्य हस्तक्षेप बढ़ा, सामरिक संघर्ष हुआ तथा शासन विस्थापित हुए। दक्षिण एशिया में सन् 2014 तक अमेरिका ने जहां चीन एवं रूस के प्रतिरोध के लिए अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत का उपयोग किया, वहीं अब चीन व रूस के अतिरिक्त भारत के प्रतिरोध हेतु भी वह अफगानिस्तान, पाकिस्तान सहित मध्य पूर्व के मुसलिम देशों का भी अपने सैन्य शिविरों के रूप में प्रयोग करना चाहता है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के माध्यम से अमेरिका ने तालिबानी शासन पर अनेक स्तरीय प्रतिबंध आरोपित कर रखे हैं। इन्हीं प्रतिबंधों के कारण अब तक तालिबानी नेता विदेश यात्रा नहीं कर पा रहे थे। किंतु ज्यों ही सुरक्षा परिषद् ने प्रतिबंधों को सीमित किया, त्यों ही तालिबानी नेतृत्व अमेरिकी प्रयोग में फंसने से बचने हेतु प्रमुख रूप से रूस, भारत व चीन को साधने का प्रयास करने लगा है।

हमें तालिबानी शासन की मूल प्रवृत्ति को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों से मुक्त शासन के अनुरूप देखना होगा, तब ही हम अफगानिस्तान के संदर्भ में एक सुरक्षित कूटनीतिक वातावरण निर्मित कर पाएंगे। अन्य देशों की भांति भारत के लिए भी वैश्विक कूटनीतियों के हल ढूंढना सुगम नहीं है। जब हम अमेरिका एवं चीन सहित विश्व के अधिसंख्य देशों पर आंख बंद करके विश्वास नहीं कर सकते हैं, तो फिर अफगानिस्तान के तालिबानी शासन के प्रति भी हमें कूटनीतिक रूप में अति जागरूक व सतर्क रहने की आवश्यकता है।

## संक्षेप

### राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की जिला इकाई गठित

**एडवोकेट श्याम बहादुर गुप्ता अध्यक्ष और लाल बहादुर गुप्ता बने महामंत्री**

सुलतानपुर, राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की जिला इकाई का गठन किया गया है। एक वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह के दौरान संगठन की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें एडवोकेट श्याम बहादुर गुप्ता को जिलाध्यक्ष और लाल बहादुर गुप्ता को महामंत्री मनोनीत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अपर जिलाधिकारी अमृत लाल गुप्ता ने समाज के विकास के लिए शिक्षा को अनिवार्य बताया। उन्होंने विशेष रूप से महिला शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि सुल्तानपुर में सोशल इंजीनियरिंग के माध्यम से समाज को जनप्रतिनिधित्व तक पहुंचाना होगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. डी.सी. गुप्ता ने राजनीतिक भागीदारी के बिना समग्र विकास को असंभव बताया। उन्होंने समाज के लोगों से अंधविश्वास, नशा और ढोंग से दूर रहने तथा बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने का आान किया। समारोह में महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष सर्वेश साहू, युवा संगठन के जिलाध्यक्ष प्रधान राजकुमार साहू और नगर अध्यक्ष हंसराज साहू के नामों की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

### ग्रामीणों का प्रदर्शन, 'रोड नहीं तो वोट नहीं'

**खराब सड़कों के विरोध में चुनाव बहिष्कार की चेतावनी, जमकर किया प्रदर्शन**

सुलतानपुर, दर्जनों ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन ग्राम पंचायत रामपुर के ठाकुर राम का पुरवा से शुरू होकर करनपुर गांव होते हुए रतनपुर लिंक रोड तक पहुंचा। ग्रामीणों का कहना है कि उनके क्षेत्र की सड़कों की स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने बताया कि यह पदयात्रा करनपुर गांव के तालाब से शुरू हुई, जो प्रधानमंत्री के बोर्ड वाले स्थान के पास है। ग्राम सभा रामपुर के निवासियों ने एक खुली बैठक में निर्णय लिया कि 28 अगस्त को जिलाधिकारी को भेजे गए ज्ञापन पर अभी तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने के लिए रविवार को प्राथमिक विद्यालय जादूपुर से एक ध्यानाकर्षण रैली निकाली गई। यह रैली रामपुर, ठाकुर राम का पुरखा, परसूपुर, करनपुर और बैजूपुर पुल (नहर का पुल) तक गई।

### बच्चे के साथ प्रसुता की मौत

**पति ने अस्पताल पर लगाया लापरवाही का आरोप, सीएचसी प्रभारी ने बताया- बच्चे का वजन ज्यादा था**

सुलतानपुर, लंभुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में लापरवाही के कारण एक गर्भवती महिला की मौत का आरोप लगा है। महिला को मृत बच्चा पैदा होने के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। पति ने अस्पताल प्रशासन पर समय पर रेफर न करने और बाहर से दवाएं मंगाने का आरोप लगाया है। यह घटना लंभुआ तहसील क्षेत्र के धनहुआ निवासी दुर्गेश कुमार की पत्नी वंदना के साथ हुई। वंदना को प्रसव पीड़ा हुई

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। ममता संस्थान के प्रोजेक्ट जागृति-4 के अंतर्गत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर फखरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बहराइच में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बहराइच रहे। उनके साथ जिला कार्यक्रम प्रबंधक (DPM), जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी (DHEIO), एमओआईसी (MOIC), बीसीपीएम (BCPM) तथा जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम के सदस्यगण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा लाभार्थियों की काउंसलिंग की गई और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसके प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बहराइच ने अपने संबोधन में कहा –

मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में अब भी कई भ्रांतियाँ हैं। हमें यह समझना होगा कि मानसिक बीमारी भी शारीरिक बीमारी की तरह ही इलाज योग्य है। अगर किसी व्यक्ति को तनाव, चिंता या अवसाद जैसी समस्या हो तो उसे छिपाने के बजाय विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए। इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। मैं ममता संस्थान और उनकी टीम को धन्यवाद देता हूँ कि वे समुदाय स्तर पर इस विषय पर उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने विचार साझा किए और ममता संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था समुदाय में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर सकारात्मक पहल कर रही है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ममता संस्थान के कर्मचारियों का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सरजू खान, जिला मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ विजित जयसवाल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ नरेंद्र सिंह एवं जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी बृजेश सिंह, ने कार्यक्रम को संबोधित किया। बृजेश सिंह से लोगों को कई महत्वपूर्ण उदाहरण देकर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। जिला मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विजित जायसवाल ने लोगों से बताया कि जिला स्तर पर सप्ताह में सोमवार बुधवार और शुक्रवार को मानसिक स्वास्थ्य की ओपीडी की जाती है तथा अन्य दिन कैंप लगाकर मानसिक स्वास्थ्य की काउंसलिंग एवं ओपीडी की जाती है।

चिकित्सा अधीक्षक फखरपुर ने लोगों से अपील की व्यवस्था या अपने आसपास इस प्रकार से तनाव या मानसिक रोगों के विकास से पीड़ित व्यक्तियों को अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर या जिला स्तर पर भेजने का प्रयास करें।

कार्यक्रम में सीपीएम शकील सिद्दीकी बीपीएम नेहा श्रीवास्तव ममता संस्था पप्रोजेक्ट जागृति के जिला समन्वयक डॉक्टर यासिर हुसैन, शुभम द्विवेदी, अवधेश चौधरी आदि जागृति टीम उपस्थित रही।

# अंतरिक्ष को न्याय दिलाने के लिए कैंडल मार्च

## बेटे के साथ अन्याय, घटना की पूरी सीसीटीवी फुटेज हो सार्वजनिक: सीमा सिंह

**अमन लेखनी समाचार**



बाबागंज, बहराइच। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पुणे स्थिति बेसकैम्प में प्रशिक्षु लेफ्टिनेट कर्नल अंतरिक्ष कुमार सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला धीरे-धीरे गमार्ता जा रहा है।बीते सोमवार पैतृक गांव में सैंकड़ो की संख्या में क्षेत्रीय युवाओं और जनप्रतिनिधियों ने अंतरिक्ष सिंह के मौत के जिम्मेदारों कों जेल भेजनें एवं परिजनो कों न्याय दिलाने के लिए पम्पलेट, बैनर और मोमबत्ती लेकर कैंडल मार्च निकाला।जानकारी के लिए बताते चले कि एनडीए के कैडेट अंतरिक्ष कुमार सिंह के पार्थिव शरीर का रविवार शाम कों नरैनापुर गांव में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हों गया है। पूरा क्षेत्र शोक में डूबा है। माँ सीमा सिंह ने बेटे की मौत कों आत्महत्या न मानते हुए राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के उच्च अधिकारियो पर मामले को छिपाने का आरोप लगा रही है। उन्होंने बताया कि सीनियर द्वारा प्रताड़ित करने का शिकायत भी दर्ज कराया गया था पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। छोटा भाई अभिनव सिंह ने बातचीत में बताया कि भैया जिस रूम में थे, उसकी छत पहुंच से बहुत ऊँची थी। घटना की सच्चाई किसी कों बचाने के लिए लगातार छुपाई जा रही है। भैया ने उच्च अधिकारियो कों इस्तीफा भी दिया था जिसको अधिकारी ने फांडकर फेंक दिया था।कैंडल मार्च में ब्लॉक प्रमुख जय प्रकाश सिंह, चेयरमेन डॉ उमा शंकर वैश्य, जिला पंचायत सदस्य संदीप जयसवाल, वैभव सिंह, पियूष सिंह, राजेश सिंह, शिवपूजन सिंह, अभिजीत सिंह, अभिषेक सिंह, धर्मवीर सिंह, विनोद गिरि, हर्षोदय सिंह सहित सैंकड़ो लोग उपस्थिति रहे।

# प्राथमिक शिक्षक संघ और बीएसए की वार्ता के बाद कल होने वाला धरना स्थगित

**अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा**



बहराइच। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच आशीष कुमार सिंह व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पाठक, जिला मंत्री विजय कुमार उपाध्याय व वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेश तिवारी सहित प्रतिनिधि मण्डल के बीच शिक्षक समस्याओं पर वार्ता हुई। वार्ता में बीएसए द्वारा बताया गया कि 75 शिक्षकों का वेतन बहाली आदेश जारी करा दिया है। चयन वेतनमान ऑनलाइन स्वीकृत की जाएगी। जिन शिक्षकों ने ऑनलाइन कर दिया है उन सभी का चयन वेतनमान आदेश एक सप्ताह के अंदर जारी कर दिया जाएगा। जिन भी शिक्षकों का एक दिन का किसी भी कारण से वेतन रुका है उन सभी का एक साथ वेतन बहाल करने का आदेश जारी कर देंगे। पंद्रह दिन के अंदर एक दिन सभी खंड शिक्षा अधिकारी और संगठन को बुला कर आदेश जारी किया जाएगा। जिस किसी शिक्षक को पोर्टल पर अनुपस्थित किया जाएगा उन सभी के अवकाश खाते में अगर अवकाश बचे है तो अनुपस्थित दिवस को आकस्मिक अवकाश में समायोजित कर एक आकस्मिक अवकाश घटा दिया जाएगा किसी का वेतन नहीं रुकेगा। सभी पटल सहायक को कार्यशैली में सुधार हेतु पत्र जारी किया गया। उपरोक्त निर्णय के बाद संघ ने बैठक करके कल होने वाले धरने को स्थगित किया गया साथ ही यह भी निर्णय लिया गया की अगर 15 दिन में समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो संगठन अगले निर्णय को लेने के लिए बाध्य होगा।

# एनडीए कैडेट की संदिग्ध मौत पर ग्राम नरैनापुर में निकला कैंडल मार्च, परिवार वालों ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौशर**



रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम नरैनापुर निवासी एनडीए कैडेट अंतरिक्ष कुमार सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश व्याप्त है। सोमवार की देर शाम गांव एवं क्षेत्र के लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर कैडेट की मृत्यु की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अंतरिक्ष कुमार सिंह का चयन एनडीए में हुआ था और वे फिलहाल पुणे स्थित ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। बीते दिनों उनका शव उनके ही कमरे में संदिग्ध अवस्था में मिला। दो दिन पूर्व गांव में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

इस घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। सोमवार की शाम क्षेत्र के समाजसेवी, बुद्धिजीवी, राजनीतिक प्रतिनिधि एवं युवाओं ने कैंडल मार्च निकालकर न्याय की मांग की। मृतक की मां सीमा सिंह ने आरोप लगाया कि मेरा बेटा पुणे पढ़ने गया था, मरने नहीं। वह बहुत होनहार और खुशमिजाज था, वह आत्महत्या नहीं कर सकता। उसने बताया था कि एक सीनियर उसे परेशान कर रहा है। हमने अधिकारियों से शिकायत भी की थी, पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि उनकी आखिरी बातचीत बेटे से 9 अक्टूबर की शाम 4 बजे हुई थी। जब वे घटनास्थल पर पहुंचीं, तो कमरे का सारा सामान बिखरा हुआ था और उन्हें सीसीटीवी फुटेज भी नहीं दिखाया गया। परिवार का कहना है कि अंतरिक्ष दिवाली पर घर आने वाला था, लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत की खबर ने पूरे परिवार को झकझोर दिया। कैंडल मार्च में नगर पंचायत रूपईडीहा के चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य, ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह, अभिजीत सिंह, उमेश सिंह, हर्षद सिंह, आयुष धर्मवीर सिंह, राहुल सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह, रमन सिंह, नीरज सिंह, अशोक सिंह, अभिषेक सिंह, दिनेश सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। गांव के लोगों ने कहा कि जब तक कैडेट की मौत की निष्पक्ष जांच नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# श्री राम के सुन्दर स्वरुप, अद्भुत लीला पर आधारित रामलीला का शुभारंभ

**ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया**

**अमन लेखनी समाचार**



कैसरगंज, बहराइच। मुख्यालय के ग्राम सभा बरखुरद्वारापुर चौराहे पर सोमवार के दिन प्रभु श्री राम लीला का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह बिसेन ने फीता काट कर किया। स्थानीय दर्शकों के मुताबिक उपरोक्त प्रभु श्री राम की लीला के आयोजन में उनके वर्णन एवं सुंदर स्वरूप तथा अद्भुति चमत्कार पर आधारित रामलीला का आयोजन मोहम्मद नियाज की अध्यक्षता में सोमवार से आयोजित हो रहा है। कमेटी के सदस्य कालिका प्रसाद वर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम पांच दिनों का है और यह हिन्दू मुस्लिम के एकता का प्रतीक रहा यह सदियों से चली आ रही परंपरागत के अंतर्गत मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में आमंत्रित सभी अतिथियों का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन कमेटी के सदस्यों द्वारा किया गया। इसके उपरांत ब्लॉक प्रमुख श्री सिंह द्वारा फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शिवानंद सिंह, भगवान दास सोनी, राम मनोहर एडवोकेट, पूर्व प्रधान संजय सिंह, हिंदू युवा वाहिनी के जिलाउपाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, कमलेश कुमार गुप्ता, अलखनाथ साहू, रामसनेही गुप्ता, अतुल कुमार सिंह, कामता प्रसाद, बाबू राम वर्मा सहित सैकडों की संख्या दर्शकों की गरिमाई उपस्थिति रही।

# मदनी इंटर कालेज में हुआ स्काउट गाइड प्रशिक्षण का शुभारंभ

**अमन लेखनी समाचार**



कैसरगंज, बहराइच। स्थानीय मदनी इंटर कॉलेज कैसरगंज में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद बहराइच के तत्वधान में आयोजित प्रथम सोपान एवम् द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ हुआ। उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि सचिन श्रीवास्तव नायब तहसीलदार कैसरगंज रहे। मुख्य अतिथि ने बच्चो को आशीर्वाद प्रदान किया तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बच्चो को स्काउटिंग गाइडिंग की गतिविधियों से जुड़ने को प्रेरित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कालेज के प्रबंधक/संस्थापक रईस अहमद कासमी ने जीवन में अनुशासन एवं समय के सदुपयोग के बारे में बच्चों को प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रशिक्षण संयोजक डॉक्टर अरशद रईस ने स्काउट और गाइड की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समस्त प्रशिक्षुओं को धैर्य एवं मेहनत से प्रशिक्षण करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण के दौरान स्काउट गाइड को पहले दिन स्काउट गाइड का इतिहास, नियम, प्रतिज्ञा एवम् विभिन्न प्रकार की तालियों के माध्यम से प्रशिक्षित दिया गया। कार्यक्रम के अंत में उप प्रधानाचार्य डाक्टर नजमुज्जमां ने मुख्य अतिथि, संस्थापक, प्रधानाचार्य, प्रशिक्षक एवं समस्त अध्यापकों व आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कल्लन इदरीसी जिला संगठन आयुक्त स्काउट ने किया।इस मौके पर विद्यालय के स्काउट प्रभारी अनीस अहमद, मो अतीक, वरिष्ठ शिक्षक रियाजुर्रमान मालिक, हिटलर वर्मा, मोङ्ग मुशीर, अंकित सर, मोङ्ग फसीह, साहिल, जे पी सिंह, एमपी मौर्या, सुधांसु सिंह, मोनिस, सुभाष, जैनेंद्र जी उपस्थित रहे।

# अंतरिक्ष सिंह को न्याय दिलाने हेतु विधायक नानपारा ने लिखा पत्र

**मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच की उठाई मांग**

**अमन लेखनी समाचार**



बाबागंज, बहराइच। विधानसभा नानपारा 283 अपना दल (एस) के लोकप्रिय विधायक राम निवास वर्मा ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पुणे स्थिति बेसकैम्प में विकास खंड नवाबगंज के नरैनापुर गांव निवासी प्रशिक्षु लेफ्टिनेट कर्नल अंतरिक्ष कुमार सिंह की संदिग्ध मौत की निष्पक्ष जांच हेतु उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कों पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच व दोषियों कों कठोर कार्यवाही की मांग की है। श्रीवर्मा ने पत्र के माध्यम से बताया है कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए, 9 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक की एनडीए परिसर की सीसीटीवी फुटेज परिवार कों उपलब्ध कराई जाए एवं यदि किसी सीनियर कैडेट या अन्य व्यक्ति की संलिप्तता पाई जाए तो उसके विरुद्ध कठोरतम दड़ात्मक कार्रवाही की मांग की है। आरोप है कि थाना उत्तमनगर खड़कवासला पुलिस द्वारा परिजनों के बयान मराठी भाषा में गलत रूप से दर्ज किया गया है।सोचनीय विषय है कि राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पुणे खड़कवासला जहां देश के रक्षक तैयार होते हैं, वहीं एक होनहार कैडेट की मौत ने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# कैसरगंज बाजार का पुलिस क्षेत्राधिकारी ने किया भ्रमण

**सर्राफा दुकानों पर लगे सीसी टीवी कैमरे को किया चेक**

**अमन चैन कायम रहे इसके लिए कैसरगंज पुलिस हमेशा कटिबद्ध**

**अमन लेखनी समाचार**

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर की अगुवाई में कैसरगंज बाजार का कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कैसरगंज बृजेंद्र कुमार मिश्रा एवं भारी पुलिस फोर्स जवानों के साथ कैसरगंज बाजार का भ्रमण करके लोगों को सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी। कैसरगंज बाजार में स्थित सरार्फा व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर जाकर लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया, साथ ही साथ व्यापारियों से वातार्लाप किया। आगामी त्योहार के मद्देनजर कैसरगंज पुलिस बेहद सक्रिय है। पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर ने बताया कि कैसरगंज पुलिस बिल्कुल अलर्ट मोड पर है। सारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद है। अगर किसी ने माहौल को खराब करने की कोशिश की तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। मिशन शक्ति फेस 5 के तहत कैसरगंज बाजार भ्रमण के दौरान कुछ महिलाओं से पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर ने बातचीत की तो महिलाओं ने कहा कि अब हम सब महिलाएं बिल्कुल फ्री मन से बाजारों में कभी भी आती जाती है। कहीं किसी तरीके से कोई भेदभाव संकोच डर खौफ नहीं लगता है। इस मौके पर कैसरगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेंद्र कुमार मिश्रा एवं भारी पुलिस फोर्स बल मौजूद रही।

# लेखपाल संघ कैसरगंज तहसील अध्यक्ष पवन चौहान निर्विरोध निर्वाचित



**अमन लेखनी समाचार**

कैसरगंज, बहराइच। उ0प्र0 लेखपाल संघ उपशाखा कैसरगंज का द्विवार्षिक चुनाव, चुनाव अधिकारी के रूप में तहसील मंत्री बहराइच अवधेश कुमार तथा तहसील मंत्री पयागपुर रोहित शुक्ला व लेखपाल विनय उपाध्याय तथा विजयराज वर्मा की निगरानी में सम्पन्न हुआ। जिसमें तहसील कार्यकारिणी का निर्विरोध चयन सभी लेखपालों की आम सहमति से हुआ। जिसमें तहसील अध्यक्ष के पद पर पवन चौहान, मंत्री पद पर चन्द्रकेश मौर्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सत्यपाल कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रोहितपाल, उपमंत्री पद पर दिनेश चन्द्र आर्या, कोषाध्यक्ष पद पर शादाब अहमद व सम्प्रेक्षक पद पर अतुल कुमार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गये। चुनाव के दौरान पूर्व अध्यक्ष उमेश सिंह, लेखपाल रूपेन्द्र सिंह, पंकज सिंह, नीटू सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, शैलजा सिंह, विजय लक्ष्मी त्रिपाठी, अनिल कुमार, महावीर राय सहित तहसील के अनेक नये 2024 बैच के लेखपालों ने भाग लिया।

# आत्महत्या का प्रयास वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर युवक ने किया लोड, 16 मिनिट में पहुंची पुलिस ने बचाया

**अमन लेखनी समाचार**



सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के भगवंत नगर चौकी के गांव हमीरपुर निवासी 19 वर्षीय युवक सनी उर्फ गोलू ने आत्महत्या का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर लोड कर दिया।मेंटा कंपनी से मिले अलर्ट के बाद 16 मिनट में पहुंची स्थानीय पुलिस ने युवक को कमरे से निकाला और काउंसलिंग के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। हमीरपुर निवासी सनी उर्फ गोलू 19 वर्ष पुत्र सूर्यभान द्वारा प्रेम प्रसंग में सफलता न मिलने पर सोमवार रात घर के कमरे में पंखे से दुपट्टे का फंदा बनाकर गले में डाल लिया घटना का वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। मेटा कंपनी उत्तर प्रदेश ने पुलिस मुख्यालय लखनऊ सोशल मीडिया सेंटर को ईमेल अलर्ट भेजा डीजीपी के निर्देश के बाद भगवंत नगर चौकी इंचार्ज देवेंद्र नाथ अवस्थी 16 मिनट के अंदर उसके आवास पर पहुंचे और कमरे के दरवाजे को तोड़कर अंदर घुसे जहां वह गले में फंदा डाल चुका था लेकिन कमरे की छत की ऊंचाई कम होने के चलते गले में फंदा कस नहीं सका। पुलिस फोर्स ने उसको कमरे से बाहर निकाला और काफी देर तक काउंसलिंग की। सी ओ मधुप नाथ मिश्र ने बताया कि ईमेल अलर्ट के बाद 16 मिनट में पुलिस ने पहुंचकर युवक की जान बचाई है। कमरे में बेड के नीचे जहरीला पदार्थ भी मिला है।युवक की काउंसलिंग की जा रही है।

# प्रतिबंधित नीम के पेड़ों की अवैध कटान

## वन विभाग की सहमति से तीन पेड़ काटे, एक अधूरा छोड़ा

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी जिला, जिले के मोहनगंज थानाक्षेत्र की ग्राम पंचायत असनी के पूरे रानी गांव में प्रतिबंधित हरे नीम के पेड़ों की अवैध कटान का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, वन विभाग की कथित सहमति से गांव के खड़ंजे के पास तीन हरे-भरे नीम के पेड़ काट दिए गए हैं।एक पेड़ को आधा काटकर छोड़ दिया गया है। अधकटे पेड़ के गिरने की आशंका से ग्रामीणों में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नीम जैसे पर्यावरण के लिए लाभदायक पेड़ों को काटना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे आम जनता की सुरक्षा को भी खतरा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि यह कटान वन विभाग की मौन सहमति से हुई है। उनका कहना है कि इस पूरे प्रकरण में लकड़ी माफिया महादेव वर्मा की भूमिका है, जो लंबे समय से क्षेत्र में अवैध कटान में संलिप्त बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और उच्चाधिकारियों से इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। उनका उद्देश्य है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगे और हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई पर अंकुश लगाया जा सके। इस संबंध में वन दरोगा सचिन गौतम ने बताया कि ठेकेदार के खिलाफ प्रति पेड़ के हिसाब से जुमार्ने की कार्रवाई की गई है।

## संक्षेप

### 31 वीं मंजिल से गिरकर युवक की मौत

**इंदिरापुरम में दोस्त के साथ फ्लैट देखने गया, फिर हाईराज बिल्डिंग के ऊपर पहुंच गए**

गाजियाबाद, 31 वीं मंजिल से गिरकर युवक की मौत हो गई। इंदिरापुरम इलाके में दोस्त के साथ फ्लैट देखने गया था। उसके बाद फिर हाईराज बिल्डिंग के ऊपर पहुंच गए। जहां युवक संदिग्ध परिस्थिति में गिर पड़ा। युवक का गिरने के बाद सिर फट गया और और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जहां सूचना पर इंदिरापुरम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह घटना इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के वैभव खंड स्थित साया गोल्ड सोसायटी की है। पुलिस का कहना है कि अभी तक जांच में आया है कि गाजियाबाद के वैशाली निवासी सत्यम त्रिपाठी (27 साल) अपने दोस्त कार्तिक सिंह के साथ साया गोल्ड में फ्लैट देखने गया था। जहां गार्ड के साथ दोनों गए। करीब 50 मिनट तक फ्लैट देखा। उसके बाद अलग अलग फ्लैट की जानकारी की। इस दौरान दोस्त दोस्त बिल्डिंग के ऊपर पहुंच गए। यह 31 मंजिल बिल्डिंग है। एस.एच.ओ इंदिरापुरम रविंद्र गौतम ने बताया कि युवक की ऊपर से गिरकर मौत हो गई। पुलिस पूरे मामले में जांच कर रही है। अभी तक हादसा ही बताया गया है।

### सीसीएसयू में छात्रों ने फोड़ा पेट्रोल बम

**यूनिवर्सिटी ने 200 लोगों को नोटिस दी, सीसीटीवी से की जा रही पहचान**

मेरठ, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के पंडित दीन दयाल उपाध्याय छात्रावास में शनिवार देर रात कुछ छात्रों ने पॉलिथीन में पेट्रोल भरकर कथित रूप से बम तैयार कर हॉस्टल में फोड़ दिया। धमाका होते ही छात्र आग के आसपास नाचते-कूदते दिखाई दिए। इस दौरान वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पूरी घटना छात्रों ने खुद ही मोबाइल से रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दी। छात्रों ने एक के ऊपर एक पॉलिथीन रखकर बीच में आग लगा उसे धमाके की तरह इस्तेमाल कर जश्न मनाया। बताया जा रहा है कि इसी तरह का एक वीडियो किसी अन्य स्थान से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसे देखकर सीसीएसयू हॉस्टल के छात्रों ने भी उसी अंदाज में यह खतरनाक प्रयोग किया। घटना के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। चीफ वार्डन प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि यह गंभीर लापरवाही है और आग से खेलने जैसी घटना किसी भी बड़े हादसे को जन्म दे सकती थी। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर दोषी छात्रों की पहचान की जा रही है। दोषी पाए जाने वाले छात्रों को छात्रावास से निष्कासित किया जाएगा विश्वविद्यालय प्रशासन ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय छात्रावास में रह रहे करीब 200 छात्रों को नोटिस जारी किया है और स्पष्टीकरण मांगा है। इस मामले में अभी तक पुलिस में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। विश्वविद्यालय की जांच जारी है, और जिम्मेदार छात्रों पर कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए गए हैं।

## श्रावस्ती में डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

**स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पीएसआई इंडिया व केनव्यू के सहयोग से चलाया जा रहा कार्यक्रम**

अमन लेखनी समाचार



श्रावस्ती। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से जिले में चलाये जा रहे डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम की समीक्षा बैठक मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में हुई बैठक में पीएसआई इंडिया के पंकज पाठक ने कार्यक्रम सम्बन्धी गतिविधियों और प्रगति के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि समुदाय में डायरिया के प्रति जनजागरूकता बहुत जरूरी है, जिसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय से काम करने की जरूरत है। डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत समुदाय में जागरूकता को बढ़ावा दिया जा रहा है और व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि दस्त प्रबन्धन को पूरी तरह प्रभावी बनाया जा सके। आशा कार्यकर्ताओ, सेवा प्रदाताओं और देखभालकताओं का क्षमतावर्धन किया जा रहा है जो कि दस्त प्रबन्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा बच्चों में ओआरएस और जिंक का वितरण सुनिश्चित कराया गया है। इस मौके पर पंकज पाठक ने बताया कि पीएसआई इंडिया द्वारा जनपद श्रावस्ती में 77 स्थानों पर डायरिया से संबंधित दीवार लेखन किया गया है। टीम ने ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य इकाइयों पर आशा एवं एएनएम की बैठक में प्रतिभाग कर डायरिया पर चर्चा की है। इसके अलावा 30 से अधिक छाया ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्रों का सहयोगात्मक निरीक्षण किया गया है। ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य इकाइयों पर ओआरएस व जिंक कार्नर बनवाने का कार्य किया गया है। अब तक 994 आशा कार्यकताओं, 109 एएनएम व 35 आशा संगिनी का डायरिया पर अभिमुखीकरण पीएसआई इंडिया द्वारा किया जा चुका है। पम्पलेट आदि प्रचार सामग्री (आईईसी) का वितरण भी किया गया है और प्रचार वाहन का संचालन भी पांच ब्लॉक तथा नगरीय क्षेत्रों में किया जा चुका है। बैठक में डायरिया रोको अभियान (स्टॉप डायरिया कैंपेन) के दौरान की गई गतिविधियों, जैसे- प्रचार वाहन के संचालन पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही पीएसआई इंडिया द्वारा स्तनपान सप्ताह के दौरान की गई गतिविधियों तथा स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार अभियान में भी सहयोग पर चर्चा हुई। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) डॉ. वी. के श्रीवास्तव, डॉ. के. के. वर्मा, डीसीपीएम राकेश कुमार गुप्ता के अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास विभाग से जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रभात कुमार दास, पंचायती राज विभाग से जिला पंचायती राज अधिकारी नंदलाल ने भी प्रतिभाग किया। इस मौके पर पीएसआई इंडिया से रमेश कुमार भी उपस्थित रहे।

## आरटीओ चेकिंग के दौरान हंगामा

**ट्रक मालिकों ने लगाया जबरन वसूली का आरोप**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, हाईवे पर हंगामा मच गया। जब गिट्टी से लदी ट्रकों की जांच के दौरान इंटरसेप्टर लिखी कार में बैठी एक महिला अफसर ने कुछ ट्रक को जांच के बाद छोड़ दिया। जिसके चलते ट्रक चालकों ने महिला अफसर से तीखी बहस की। आरटीओ की टीम ने सोरांव मंडी क्षेत्र में कई ट्रकों को रोककर उनके दस्तावेज और लोडिंग की जांच शुरू की। जांच के दौरान कुछ ट्रकों को पास दिया गया जबकि कई वाहनों को ओवरलोडिंग और दस्तावेजों की कमी के चलते रोककर जुमार्ना लगाया गया। इसी बीच कुछ ट्रक मालिक मौके पर पहुंच गए और आरटीओ अधिकारी से तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। ट्रक मालिक ने अधिकारी पर जबरन वसूली का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रभावशाली लोगों से जुड़े ट्रकों को बिना जांच छोड़ दिया जाता है, जबकि सामान्य ट्रक मालिकों को परेशान किया जा रहा है। उनका दावा है कि एक गाड़ी से 8 से 9 हजार रुपए तक वसूले जाते हैं। मालिकों ने आगे आरोप लगाया कि यह वसूली केवल प्रयागराज में नहीं बल्कि चित्रकूट और कौशांबी जिलों की सीमाओं पर भी जारी है। हर जिले में प्रति ट्रक 9 से 10 हजार रुपये तक की वसूली की जाती है। उन्होंने बताया कि जिलों में मौजूद हर थाने से लगभग 40 हजार रुपए महीने और आरटीओ के लिए अलग से 20 से 30 हजार रुपए देने पड़ते हैं। ट्रक मालिकों का कहना है कि खनन और खनिज विभाग भी प्रति गाड़ी से महीने का पैसा वसूलता है। कोई चालक पैसा देने से इनकार करे तो उस पर ओवरलोडिंग का चार्ज लगाकर 2 से 3 लाख रुपए तक का जुमार्ना ठोंक दिया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि जुमार्ना न देने पर गाड़ियों को 10 से 15 दिन तक खड़ा कर लिया जाता है। जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान होता है। कई बार ओवरलोडिंग के नाम पर 20 हजार से लेकर 1-2 लाख रुपए तक की अवैध मांग की जाती है।

## नहर में मगरमच्छ देख ग्रामीणों में मचा हड़कंप

**वन विभाग टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर छोड़ा यमुना नदी में**



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के असोथर थाना क्षेत्र अंतर्गत निचली गंगा नहर में कल सुबह मंगलवार को ग्रामीणों ने लगभग 6 फीट लंबे मगरमच्छ को देखा शोर मचाने पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई वहीं नहर के आसपास के ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया मौके पर पहुंची भारी भीड़ ने स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचना दी जहां सूचना पाकर पहुंचे जरौली चौकी इंचार्ज अंकुश यादव समेत अन्य पुलिस कर्मियों ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए वन विभाग को सूचना दी सूचना पर पहुंचे वन विभाग दरोगा रामराज ने अपने सहकर्मियों एवं पुलिस प्रशासन की मदद से सर्च ऑपरेशन चलते हुए कड़ी मशक्कत से मगरमच्छ को काबू में किया वहीं वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को सुरक्षित नजदीकी यमुना घाट रामनगर कौहन पहुंचकर नदी में छोड़ दियो

## जेवर विधायक ने लोगों से की मुलाकात

**एयरपोर्ट परियोजना से प्रभावित होने वालों का जाना हाल, मदद का दिया आश्वासन**

अमन लेखनी समाचार




जेवर, विधायक धीरेन्द्र सिंह ने ग्रेटर नोएडा के जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट परियोजना से प्रभावित गांवों की महिलाओं से मुलाकात की। यह मुलाकात जेवर के एक रेस्टोरेंट में आयोजित की गई, जहां विधायक ने महिलाओं के साथ भोजन किया और उनकी समस्याओं व सुझावों को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर महिलाओं ने बताया कि नोएडा एयरपोर्ट परियोजना से क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है, जो गर्व की बात है।

हालांकि, इसके साथ-साथ पारिवारिक, सामाजिक और सांस्कृतिक ढांचे में बड़े बदलाव भी आए हैं। महिलाओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास की गति तेज होने की बात कही। उन्होंने सरकार से अपने बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पुनर्वास को लेकर भी अपेक्षाएं व्यक्त कीं। विधायक धीरेन्द्र सिंह ने महिलाओं की बातों को गंभीरता से सुना और उन्हें भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि उनके सुझाव मार्गदर्शक हैं

और उनकी हर आवाज सरकार तक पहुंचेगी। विधायक ने यह भी स्पष्ट किया कि विकास की राह में किसी भी परिवार की भावना को अनदेखा नहीं किया जाएगा।

## अवैध शराब बेच रहे अभियुक्त के ऊपर प्रशासन ने की कार्यवाही

**छापेमारी कर प्रशासन ने अभियुक्त को घर से किया गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार / समरजीत सोनकर




अमौली, फतेहपुर। जनपद के पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह के निर्देशन पर अवैध शराब निष्कर्षण व मादक पदार्थो की रोकथाम हेतु चलाई जा रही मुहिम के तहत क्षेत्राधिकारी जाफरगंज तथा नव आगंतुक चांदपुर थाना अध्यक्ष विनोद पटेल के पर्यवेक्षण पर चांदपुर पुलिस प्रशासन की टीम ने क्षेत्र के चतनपुर गांव निवासी 45 वर्षीय राजू पुत्र मनीराम के घर छापेमारी की घर के बाहर बरामदे से अभियुक्त को गिरफ्तार कर तलाशी ली गई जहां अभियुक्त के पास 40 आजाद पाउच ट्रेट्रा पावर हाउस ब्रांड देसी शराब अवैध रूप से बरामद हुई प्रशासन ने तत्काल अभियुक्त को गिरफ्तार कर मुकदमा अपराध संख्या 132/ 25 धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत जेल भेज दिया वही मिली जानकारी के अनुसार अभियुक्त के ऊपर पूर्व काल में भी जुआ इत्यादि के मुकदमे स्थानीय थाना चांदपुर में पंजीकृत है थाना अध्यक्ष विनोद पटेल ने गिरफ्तारी करने वाली टीम में मौजूद अमौली चौकी प्रभारी उप निरीक्षक दिग्विजय सिंह आरक्षी अजय कुमार धीरज सिंह यादव महिला आरक्षी प्रीती यादव होमगार्ड सुरेश समेत अमौली चौकी की समस्त टीम को हार्दिक शुभकामनाएं दी

## 550 किलो नकली पनीर जब्त

- खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच के बाद कराया नष्ट

अमन लेखनी समाचार




गौतम बुद्ध नगर, खाद्य सुरक्षा विभाग ने दिवाली अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। विभाग की टीम ने लगभग 550 किलोग्राम मिलावटी पनीर जब्त किया, जिसे बाद में नष्ट कर दिया गया। यह कार्रवाई आम जनमानस को मिलावटी और दूषित खाद्य पदार्थों से बचाने के उद्देश्य से की गई है। गौतमबुद्धनगर के खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार, विजय बहादुर पटेल और रविंद्र नाथ वर्मा की टीम ने चेकिंग के दौरान एक वाहन को रोका। यह वाहन हरियाणा के मेवात स्थित जंगी मिल्क प्लांट का था और दिल्ली-एनसीआर के जिलों में पनीर की आपूर्ति करता था। खाद्य सुरक्षा आयुक्त द्वितीय सर्वेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह पनीर मिलावटी और मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त प्रतीत हुआ। विस्तृत जांच प्रयोगशाला से कराए जाने के लिए इसका नमूना लिया गया। शेष लगभग 550 किलोग्राम पनीर को भंगेल, नोएडा स्थित न्यू गढ़वाल डेयरी पर विनष्टीकरण के लिए जब्त कर सुरक्षित रखा गया। इस जब्त किए गए पनीर को सुबह नोएडा अथॉरिटी के सहयोग से नष्ट कर दिया गया।

आयुक्त ने आगे बताया कि त्योहारों को लेकर यह अभियान पूरे जिले में चलाया जा रहा है, जहां भी मिलावटखोरी की जा रही है, वहां कार्रवाई की जा रही है और दूषित खाद्य पदार्थों को नष्ट किया जा रहा है।

## लुटेरे को पैर में गोली मारकर पकड़ा

**महिलाओं की चेन लूटी थी, 2 लाख का गोल्ड हर रोज लूटने का था प्लान**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, इंदिरापुरम पुलिस ने एनकाउंटर में दो लुटेरों को अरेस्ट किया है। लुटेरे अमन उर्फ मोंटी को दौड़ाकर दोनों पैर में गोली मारी है। जबकि दूसरे साथी को घेर कर पकड़ा। पुलिस ने काले रंग की एक बाइक बरामद की है। इस गैंग ने गाजियाबाद के इंदिरापुरम में पिछले 2 दिनों में 2 महिलाओं से चेन लूट की। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़े गए लुटेरे अमन उर्फ मोंटी निवासी राजीव कॉलोनी गाजीपुर दिल्ली और अभिषेक निवासी राजीव कॉलोनी दिल्ली हैं। मौके से एक काले रंग की बाइक एक तमंचा बरामद हुआ है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि कनावनी पुलिया पर एस.एच.ओ इंदिरापुरम रविंद्र गौतम पुलिस के साथ चेकिंग कर रहे थे। इस बीच पुलिस ने एक काले रंग की बाइक सवार दो युवकों को रोकने का प्रयास किया। जहां दोनों ने बाइक दौड़ा दी। बाइक अभिषेक चल रहा था, पीछे बैठे अमन ने पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया। जिसके बाद दोनों बाइक छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने जबावी फायरिंग की तो अमन के दोनों पैर में गोली लगी। जबकि अभिषेक को पैदल भागते हुए पकड़ा। घायल को अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने बताया कि अमन पर लूट के 5 केस दर्ज हैं। वह दिल्ली और गाजियाबाद में अपने साथी अभिषेक के साथ लूट करता था। लूट के बाद सोने की चेन और कुंडल को दिल्ली में अलग अलग सराफ को बेच देते थे। यह बात अभी तक की पूछताछ में आई है। यह चोरी की बाइकों के साथ लूट करते थे। अमन ने अपने साथी अभिषेक से कहा था दिवाली तक अलग अलग स्थानों पर लूट करनी हैं, जहां 2 लाख रुपये का गोल्ड हर रोज जेब में होना चाहिए। इंजीनियर राजीव गुप्ता की पत्नी बबीता से चेन लूटी, 10 अक्टूबर को भी एक महिला से चेन लूटी थी। राजीव गुप्ता की पत्नी बबिता ने बताया- उनके पति गाजियाबाद की एक कंपनी में इंजीनियर हैं। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के वसुंधरा सेक्टर- 13 में परिवार के साथ रहते हैं। सुबह बबीता गुप्ता अपने घर के बाहर खड़ी थीं। इसी बीच काले रंग की बाइक पर हेलमेट लगाए दो बदमाश पहुंचे।

## जलदोहन के खिलाफ किसानों का धरना

**30 अक्टूबर को पीएम और सीएम से मिलने की बनाई है योजना**

अमन लेखनी समाचार

ग्रेटर नोएडा, रबूपुरा में जलदोहन के विरोध में किसानों का अनिश्चितकालीन धरना 75वें दिन भी जारी रहा।



भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के बैनर तले यह धरना चौधरी लखन मलिक की अध्यक्षता और संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज के नेतृत्व में चल रहा है। किसानों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी रणनीति तय करने के लिए 29 अक्टूबर को संगठन की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में यह तय होगा कि किसान 30 अक्टूबर को जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह में शामिल होकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को अपनी समस्याओं से अवगत कराएं, या फिर सरकार की उदासीनता के कारण क्रमिक अनशन शुरू करें। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सुनवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे, जिनमें उदयभान मलिक, विजयवीर मलिक, दिनेश मलिक, रवि यादव, सतेंद्र कुमार शर्मा, दिनेश कुमार, शैलेश सुनील भाटी, अनिल भाटी, मनवीर सिंह, घनश्याम भाटी, श्यौराज गौड़, मनोज कुमार, जयप्रकाश और राजवीर सहित कई पदाधिकारी शामिल थे।

## भट्टा गांव में श्मशान घाट जलमग्न

**अंतिम संस्कार में बाधा, घरों में भी घुस रहा पानी**

अमन लेखनी समाचार



जेवर, यमुना प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले भट्टा गांव के ग्रामीण श्मशान घाट में जलभराव और गंदगी से परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि श्मशान घाट में भारी मात्रा में पानी भर गया है, जिससे अंतिम संस्कार में बाधा आ रही है और यह पानी गांव के कुछ घरों में भी घुसने लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार के दौरान जलभराव के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

श्मशान घाट में बिजली की कोई सुविधा नहीं है और साफ-सफाई की भी भारी कमी है। ग्रामीण दीपक, अंकित पंडित, बाबू खान, बनवारी लाल, चित्रा और जुसार के अनुसार, लंबे समय से सफाई न होने के कारण वातावरण दूषित हो गया है। यहां सांप-बिच्छू निकलने की घटनाएं आम हो गई हैं। हाल ही में पानी में डूबकर एक गाय की मौत हो गई, जबकि दूसरी गाय को ग्रामीणों ने बचाया। ग्रामीणों का कहना है कि वे इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं। हालांकि, अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## अवैध पटाखों के साथ एक गिरफ्तार

- पुलिस ने 10 बोरी माल जब्त किया, दिवाली पर बेचने की थी तैयारी

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, पुलिस ने आगामी त्योहारों से पहले अवैध पटाखों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में, थाना मधुबन बापूधाम पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 10 बोरियां अवैध आतिशबाजी और पटाखे बरामद किए गए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध आतिशबाजी लेकर इलाके में आ रहा है। सूचना के आधार पर, थाना मधुबन बापूधाम की टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ा। पूछताछ में उसकी पहचान शाकिर (लगभग 31 वर्ष), पुत्र स्वर्गीय चांद खान, निवासी एफ ब्लॉक के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, शाकिर इन पटाखों को आगामी त्योहारों में बेचकर अधिक मुनाफा कमाना चाहता था। उसने ये पटाखे सस्ते दामों पर बाहर से खरीदे थे और उन्हें गाजियाबाद में बेचने की तैयारी में था, लेकिन पुलिस ने उसे पहले ही पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से अवैध पटाखों से भरी 10 बोरियां बरामद की हैं। आरोपी से पूछताछ में यह भी सामने आया है कि वह पहले भी इस तरह के अवैध कारोबार में शामिल रहा है। पुलिस अब इन पटाखों के स्रोत और उन्हें खरीदने वाले लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस का कहना है कि त्योहारों के दौरान अवैध पटाखों से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। इसी कारण पुलिस ऐसे कारोबारियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि



अवैध आतिशबाजी को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है और किसी भी कीमत पर अवैध बिक्री या भंडारण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# भगवान की कृपा अकारण भी बरसती है: राजन जी महाराज

- अहिल्या उद्धार और मिथिला पुरी के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन पर भक्त हुए भावविभोर
- भगवान की बाल लीलाओं ने किया भक्तों को भावविभोर, उमड़ा जनसैलाब



कथा वाचक राजन जी महाराज



कथा आयोजक आनन्द पांडेय





अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ के परानूपुर ( श्रृंगवेरपुर धाम ) में चल रही नव दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा के चौथे दिन मंगलवार को कथावाचक राजन जी महाराज ने भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं, माता अहिल्या उद्धार और मिथिला पुरी में धनुष यज्ञ की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति भाव में डूबकर 'जय श्रीराम' के जयघोष करते रहे कथावाचक राजन जी महाराज ने भगवान श्रीराम के बचपन की मनमोहक लीलाओं का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि प्रभु मयार्दा पुरुषोत्तम के रूप में इसलिए पूजनीय हैं क्योंकि उन्होंने सदैव धर्म की रक्षा और सत्य की स्थापना की।उन्होंने कहा कि भगवान की साधना या भजन के लिए सांसारिक त्याग आवश्यक नहीं है। गृहस्थ या व्यवसायी व्यक्ति भी अपने कार्यों को करते हुए प्रभु का स्मरण कर सकता है। जब साधक सच्चे मन से भक्ति करता है, तब ईश्वर स्वयं उसकी ओर अग्रसर होते हैं।उन्होंने बताया कि गुरु विश्वामित्र के साथ भगवान श्रीराम और लक्ष्मण ने यज्ञ की रक्षा हेतु ताड़का और सुबाहु जैसे राक्षसों का वध कर महात्माओं को भयमुक्त किया। आगे चलते हुए भगवान ने माता अहिल्या को शिला रूप से मुक्त कर नया जीवन दिया। यह घटना इस बात का प्रतीक है कि भगवान बिना कारण भी अपनी कृपा बरसाते हैं।

### भजनों पर झूमे श्रद्धालु, भक्ति में डूबा पारनुपुर श्रंगवेरपुर पंडाल

कथा के दौरान जैसे ही पूज्य राजन जी महाराज ने भजन 'न मन में है तो न मन में मिलेगा, न पाताल में न गगन में मिलेगा, नारद की वीणा कहती युगों से– मेरा राम केवल भजन में मिलेगा' सुनाया, वैसे ही पूरा पंडाल जयघोषों से गूंज उठा।श्रद्धालु भक्ति भाव में झूमते हुए भजनों की धुन पर मग्न हो गए।इसके बाद 'दयालु हैं मेरे राघव जी, आते रहेंगे' जैसे अन्य मधुर भजनों ने वातावरण को पूर्णतः आध्यात्मिक बना दिया।

### मिथिला पुरी में माता सीता से हुआ नयन-मिलन

राजन जी महाराज ने बताया कि अहिल्या उद्धार के बाद गुरु विश्वामित्र भगवान श्रीराम को मिथिला पुरी ले गए, जहां पुष्प वाटिका में भगवान श्रीराम और माता सीता का प्रथम नयन-मिलन हुआ।इसके बाद जनकपुरी के धनुष यज्ञ प्रसंग का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया। उन्होंने कहा कि जब-जब संसार में अत्याचार और अधर्म बढ़ता है, तब-तब प्रभु अवतार लेकर धर्म की पुनः स्थापना करते हैं।

### हम तो रामजी के राम जी हमारे है : आनन्द पांडेय

आयोजक आनंद पांडेय ने बताया कि श्रृंगवेरपुर धाम में चल रही श्रीराम कथा में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। आने वाले दिनों में भी कथा का आयोजन इसी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ जारी रहेगा।

### कथा स्थल पर अधिकारियों ने किया निरीक्षण

श्रीराम कथा के दौरान पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के निर्देशन में एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय और सीओ कुंडा अमरनाथ गुप्ता ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने, भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।साथ ही स्थानीय नागरिकों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई।

## नामचीन दुकानों पर छापेमारी से कतरा रही खाद्य विभाग की टीम

**गरीबों की दुकानों में माफिया महफूज,**

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद हरदोई कस्बे मे खाद्य विभाग की छापेमारी एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है पयहां पर हुई कार्रवाई का ढोल जरूर पीटा गया,लेकिन रबड़ी माफियाओ के इशारों पर पूरा खेल खेला गया।

रोजाना शहर में रबड़ी माफिया खुलेआम मिलावट का कारोबार चला रहे हैं।जिनके दुकानों के बाहर सरकारी गाड़ियों की परछाई तक नहीं पहुंची। जब कार्रवाई का वक्त आया,तो गरीब दुकानदारों के बर्तन, दूध और कढ़ाही ही निशाने पर आ गए।कस्बे में माफियाओं के अड्डों पर सन्नाटा और गरीबों की गलियों में सरकारी सायरन की गूंज से हड़कंप जरूर मच गया।फूड विभाग की यह छापेमारी सच्चाई की तलाशी थी या महज दिखावे की खानापूर्ति ?

जबकि असलियत यह है कि स्थानीय प्रभावशाली माफियाओं के दबाव में विभाग ने कार्रवाई का रुख ही मोड़ दिया,ताकि बड़ी मछलियाँ फिर से बच निकलें और जनता को भ्रम में रखा जा सके कि 'कानून चल रहा है' ।पर असलियत यह है कि मिलावट का जहर अब भी लोगों की थाली तक पहुंच रहा है,और माफिया पहले से ज्यादा मजबूत हैं। फूड अधिकारियों की भनक लगते ही कस्बे में कई दुकानों में लगा ताला छापेमारी की भनक लगते ही नगर की आधा दर्जन से अधिक स्वीट्स हाउस की दुकानें बंद मिली। दीपावली एवं भैया दूज सहित अन्य कई त्यौहार के मद्दे नजर स्वीट हाउस की दुकानों पर मिलावटी मिठाई का भंडार जोरों पर किया जा रहा है ।फूड इंस्पेक्टर के शाहाबाद पहुंचने की सूचना पर कई नाम चीन दुकानदारों ने अपने अपने दुकान में डाल दिया

## मणिकर्णिका वूमेन्स क्लब ने मनाया करवा चौथ उत्सव, दीप्ती सोनी बनीं करवा चौथ क्वीन

अमन लेखनी समाचार

झांसी। मणिकर्णिका वूमेन्स क्लब, झांसी के तत्वाधान में नटराज सरोवर होटल में हर्षोल्लास के साथ करवा चौथ सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजधज कर करवा चौथ के त्योहार को धूमधाम से मनाया। क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट सपना सरावगी एवं प्रेसिडेंट ओमनी राय वाइस प्रेसिडेंट नूपुर अग्रवाल ट्रेजरार तमन्ना राय सेक्रेटरी संयुक्त शर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया ।इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. जिज्ञासा तिवारी रहीं। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय प्रोग्राम डायरेक्टर नेहा अग्रवाल और नीलू नरवानी ने किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने मेहंदी, नेल आर्ट, थाली सजावट, रैम्पवॉक जैसे कई रंगारंग प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल में रचना कुदरिया और पास्ट प्रेसिडेंट नेहा तिवारी शामिल रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों का चयन विभिन्न श्रेणियों में किया। प्रतियोगिता में दीप्ति सोनी को करवा चौथ क्वीन का ताज पहनाया गया, जबकि डॉ. फैरी को फर्स्ट रनरअप और मोनिका कोचर को थर्ड मोस्ट ग्रेसफुल घोषित किया गया। अन्य विशेष श्रेणियों में विजेताओं के नाम इस प्रकार रहे बेस्ट थालीः दीप्ति सोनी, बेस्ट नेल आर्टः पूजा श्रीवास्तव, बेस्ट मेहंदीः डॉ. फैरी, बेस्ट रैम्पवॉकः प्रियांशी, बेस्ट ट्रेडिशनल ड्रेसः शालिनी प्रभाकर। सांत्वना पुरस्कार पाने वालों में नेहा राय, कशिश अग्रवाल, ज्योत्सना, साक्षी, शिखा अरोड़ा, ट्विंकल बंसल, नीलम, यशी कमरिया और नायरा शामिल रहीं। कार्यक्रम में क्लब की सीनियर मेंबर , अंजलि अग्रवाल, मोना राय,सोनिया सिंह, ट्विंकल बंसल, सिमरत जिज्ञासी, मोनिका कोचर, ,दीप्ति सोनी,कशिश अग्रवाल, दर्शना सोनी अन्य मेंबर उपस्थित सदस्यों में अंकिता अग्रवाल, नेहा रायकवार, पूनम अग्रवाल, डॉ. फैरी, डॉ. पारुल, प्रेरणा हजेला, हिना करनानी, पूनम गुप्ता, सरिता अग्रवाल, श्वेता जैन, निधि शर्मा, नीलम, प्रेरणा साहवानी, कविता पांडे, राखी शर्मा, रूपम शर्मा, रश्मि अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, स्वेलहा खान, प्रीति साहू, तनु अग्रवाल, कमलेश ,टीना और विशाखा के नाम प्रमुख रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने एक साथ पारंपरिक गीतों पर नृत्य कर इस पर्व का उल्लास साझा किया। चार्टर प्रेसिडेंट सपना सरावगी और प्रेसिडेंट ओमनी राय को सभी ने बधाई दी। कार्यक्रम के अंत सभी का आभार संयुक्ता शर्मा ने व्यक्त किया ।

## महिला आयोग की सदस्य ने वन स्टाप सेंटर, जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

### पीड़िताओं को जरूरत की सामग्री समय से उपलब्ध कराने के दिऐ निर्देश



अमन लेखनी समाचार

अमेठी उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या आज अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान अमेठी पहुंची। यहां उन्होंने वन स्टाप सेंटर, जिला अस्पताल व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शाहगढ़ का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सर्वप्रथम डॉ मौर्या ने वन स्टाप सेंटर पहुंचकर निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने उपस्थित पीड़िताओं से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनी तथा उनसे विभिन्न सुविधाएं मिलने की जानकारी ली इसके अतिरिक्त डॉ मौर्या ने वन स्टाफ सेंटर में साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा पीड़िताओं को जरूरत की सामग्री समय से उपलब्ध कराने एवं उन्हें दिए जाने वाले भोजन को गुणवत्तापूर्ण व समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महिला आयोग की सदस्य के समक्ष वन स्टाप सेंटर में स्टाफ की कमी सामने आई जिसको देखते हुए उन्होंने आउटसोर्सिंग के माध्यम से स्टाफ की भर्ती करने के निर्देश जिला प्रोबेशन अधिकारी को दिए। इसके बाद डॉ मौर्या ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने ओपीडी, इमरजेंसी कक्ष, डायलिसिस कक्ष, दवा वितरण केंद्र का निरीक्षण किया तथा इमरजेंसी वार्ड में जाकर मरीजों के इलाज की स्थिति देखी एवं प्रसुताओं के लिए बनाए गए भोजन किचन का भी निरीक्षण किया। मरीजों द्वारा रात में महिला चिकित्सक की अनुपलब्धता की शिकायत की गई

## जिलाधिकारी ने जन सुनवाई मे सुनी 55 शिकायतें

अमन लेखनी समाचार

हरदोई ,कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 55 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणावत्तापूर्ण ढंग से हो। जन सुनवाई के दौरान आज एक महिला को निराश्रित महिला पेशन योजना से जोड़ा गया तथा 02 लोगों के राशन कार्ड बनाये गये। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरूणिमा श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे

## जिला वृक्षारोपण, गंगा समिति एवं पर्यावरण समिति की बैठक हुई आयोजित

### जो पौधे सूख गए हैं या नष्ट हो गए हैं उनके स्थान पर नए पौधे लगाए जाएं : डीएम

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण, गंगा समिति एवं पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम वृक्षारोपण अभियान के दौरान लगाए गए पौधों की सिंचाई व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में किए जा रहे उपायों के बारे में जानकारी ली जिस पर प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि वन विभाग द्वारा लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाये जा रहे हैं तथा समय-समय पर पौधों की सिंचाई भी कराई जा रही है। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जो पौधे सूख गए हैं या नष्ट हो गए हैं उनके स्थान पर नए पौधे लगाए जाएं तथा उनकी सुरक्षा को लेकर भी समुचित उपाय किए जाएं।इसके साथ ही अन्य विभागों द्वारा लगाए गए पौधों की सुरक्षा एवं सिंचाई की भी व्यवस्था संबंधित विभागीय अधिकारी सुनिश्चित कराएं। जिला गंगा समिति की बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ने जिला गंगा समिति द्वारा गंगा नदी और इसकी प्रमुख सहायक नदियों के पुनरुद्धार, संरक्षण, मरम्मत और पुनर्वासन के लिए किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों को निर्देशित किया की नदियों के किनारे एवं घाटों पर नियमित सफाई हो तथा नदियों में कचरा आदि ना डाला जाए। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नदियों के जल की भी गुणवत्ता जांच कर लें, नदियों के किनारे पिकनिक स्पॉट, पार्क, धार्मिक स्थल इत्यादि का विकास कराया जाए। औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाले कचरा वेस्टेज को नदी व जलाशयों इत्यादि में ना फेंके तथा उसका मानक अनुरूप निस्तारण सुनिश्चित कराएं।

## निधन पर शोक व्यक्त किया

अमन लेखनी समाचार

गुरसरांय, झांसी। नगर के हरीकृष्ण सोनी एवं हरदास सोनी के पिता क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ संरक्षक मगनलाल सोनी रानापुरा वाले के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया गया। इस संबंध में एक शोकसभा बैठक क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष प्रेमगोपाल उर्फ मन्नू सोनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मृत आत्मा की शांति तथा इस संकट की घडी पर परिवारजनों को धैर्य धारण हेतु दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोकसभा मे गौरीशंकर सोनी,धर्मेंद्र सोनी उर्फ बल्ले,सतीश सोनी सुट्टा,आनंद सोनी(छोटे),प्रवीण सोनी,नमन सोनी सुट्टा,विजय सोनी,राकेश सोनी कैरोखर,आनंद सोनी,सुनील सोनी,संदीप सोनी,पपोले सोनी,दीपू सोनी,जय सोनी,जय राम सोनी, बोबी सोनी,भईयन सोनी,मनोज सोनी कोच सहित अन्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया।

## 12 लाख के अवैध पटाखे जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

### बंद पड़े मकान में रखे गए थे अवैध पटाके



अमन लेखनी समाचार

अमेठी पुलिस ने 'ऑपरेशन सतर्क' अभियान के तहत मुसाफिरखाना क्षेत्र से 12 लाख रुपये के अवैध पटाखों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त को जेल भेज दिया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है ।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कपिल कुमार (39 वर्ष) पुत्र जग प्रसाद के रूप में हुई है, जो मुसाफिरखाना कस्बे के वार्ड नंबर 1 का निवासी है। चेकिंग के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रेलवे क्रॉसिंग दादरा रोड के आगे एक गली में कपिल के मकान के अंदर अवैध पटाखों का भंडारण किया गया है और उन्हें बेचा जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर छापा मारा ।छापेमारी के दौरान पुलिस ने कपिल कुमार को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद किए। बरामद पटाखों में 11 प्लास्टिक व 2 जूट की बोरियों में 10,000 अनार, 4 प्लास्टिक की बोरियों में 8,000 मसताब, 5 प्लास्टिक की बोरियों में 5,000 सुतली बम और 12 कार्टन में विभिन्न कंपनियों के 12,000 पैकेट पटाखे शामिल हैं। अभियुक्त पटाखा निर्माण या बिक्री का कोई लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका ।बताया कि वे सभी मिलकर सुतली बम का निर्माण स्वयं करते थे।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पा. मन्ना लाल वैध की 59 पुण्यतिथि श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। हरदोई की ऐतिहासिक धरती पर जन्मे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पा0 मन्ना लाल वैध की पुण्यतिथि पर मंगलवार को अरुणा पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजसेवी, पत्रकार, बुद्धिजीवी और नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्र के इस वीर सपूत को नमन किया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा ने पा0 मन्नालाल के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया सभा की अध्यक्षता कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय सिंह ने संचालन ने किया। वक्ताओं ने कहा कि मन्ना पा0 लाल वैध का नाम हरदोई ही नहीं बल्कि समूचे उत्तर प्रदेश के स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। उन्होंने आजादी की लड़ाई में अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध डटकर संघर्ष किया और अपने साहस, निष्ठा व राष्ट्रभक्ति से नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बने।

वक्ताओं ने यह भी कहा कि मन्ना लाल वैध न केवल एक स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि समाजसेवा, शिक्षा और जनजागरण के क्षेत्र में भी उनका योगदान अविस्मरणीय रहा। उन्होंने हमेशा लोगों को एकता, समानता और स्वावलंबन का संदेश दिया। वरिष्ठ पत्रकार विजय पांडे संजय पांडे देवेंद्र विक्रम सिंह, अजय कुशवाहा, अजय सिंह के.के. सिंह, बासु खन्ना, शशिभूषण शुक्ला शोले, भरत पांडेय, विवेक पांडेय, विश्वजीत पांडेय, सत्यजीत पांडेय, अक्षय पांडे श्याम किशोर मिश्र, विनय गौड़, सुनील पाठक, शैलेन्द्र सिंह, डॉ. प्रदीप चौहान, रितेश मिश्रा, रोहित मिश्रा आनंद गुप्ता हरिवंश सिंह, विमलेश राठौर, एसपी सिंह मनोज पांडे कुलदीप ऋषि सैनीसहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने यह संकल्प लिया कि वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आदर्शों पर चलते हुए समाज में राष्ट्रभक्ति और सेवा की भावना को जीवित रखेंगे। आए हुए सभी लोगों का पांडे परिवार ने आभार व्यक्त किया

## कांग्रेस ने किया जोरदार प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

हरदोईक कांग्रेस के अनुसूचित विभाग के जिला अध्यक्ष विनीत कुमार वर्मा के नेतृत्व में भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई जी के साथ आपत्तिजनक व्यवहार और दलित समुदाय के अपमान पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित विभाग के प्रांतीय आवाहन पर विशाल धरना प्रदर्शन अंबेडकर पार्क हरदोई में किया गया व महामहिम राष्ट्रपति के नाम सक्षम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम पांडे ने कहा कि यह सरकार दलित विरोधी है इसीलिए एक सोची समझी साजिश के तहत मुख्य न्यायाधीश को अपमानित करने का कार्य किया गया है। शहर अध्यक्ष अनुपम दीक्षित ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी धर्मवर्गों का सम्मान करती है इस तरह के असंवैधानिक कृत्यों का कांग्रेस पार्टी हमेशा पुरजोर विरोध करेगी। जिला महासचिव राजेंद्र कुमार वर्मा व प्रेम प्रकाश वर्मा ने इस कृत्य को भारतीय जनता पार्टी कि दलित विरोधी मानसिकता बताया और कहा कि अगर इसके स्थान पर किसी अन्य जाति के न्यायाधीश होते तो अब तक सरकार के लोग सड़कों पर आ गए होते। जिला उपाध्यक्ष अजीत विशाल नंदवंशी ने कहा कि यह बेहद निंदनीय कार्य भारत के लोकतंत्र पर हमला है कि,किस प्रकार से सामंतवादी ताकतें संविधान का खुला विरोध कर रही हैं।

## निर्माणाधीन पानी की टंकी बनी जानलेवा, पुताई करते समय गिरकर दो मजदूर गंभीर

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद हरदोई कोतवाली क्षेत्र के नगलालोथू गांव में हर घर जल मिशन योजना के तहत निमार्णाधीन पानी की टंकी का छज्जा अचानक भरभरा कर गिर गया ।जिसके मलबे में दो मजदूर नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए ।बताया जा रहा है कि मजदूर बिना किसी सेफ्टी बेल्ट या सुरक्षा उपकरण के ऊंचाई पर रंगाई-पुताई का काम कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया ।वहीं ग्रामीणों ने घटिया निर्माण और लापरवाही को लेकर ठेकेदार व विभाग पर कार्रवाई की मांग की है ।घटना ने एक बार फिर सरकारी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं ।जानकारी के अनुसार श्री ओम 30 वर्ष पुत्र विश्राम निवासी मुबारकपुर थाना बिसरत गंज व एक अन्य घायल हो गया ।जबकि एक अन्य मजदूर भी घायल हो गया ।सभी घायलों को जिला शाहजहांपुर इलाज के लिए भेजा गया है ।निमार्णाधीन एजेंसी की घोर लापरवाही के कारण जल शक्ति मिशन योजना के तहत बन रही पानी की टंकी दिसंबर 2024 में हैंड ओवर होनी थी ।जो समयावधि के 10 माह बाद भी नहीं बन पाई है ।कार्यदाई संस्था जल्दबाजी में लीपापोती करने में लगी थी कि इसी बीच उक्त हादसा हो गया ।जिसमें 2 मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



दीपावली का पर्व हम सभी के घर में खुशहाली का उजास लेकर आता है। लेकिन इस पर्व की तैयारी में घर की महिलाएं प्रायः इतना उलझ जाती हैं कि अपनी खुशी, सुख और उत्साह को बिसार देती हैं। ऐसा ना करें, घर-परिवार के साथ खुद भी इस त्योहारी खुशी, उल्लास के हर पल में शामिल हों। यकीन मानिए, इससे आपकी दीपावली और जगमगा उठेगी।

# स्त्रियां भी जीएं सुख का उजास

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

उजास की चमक में स्वयं अपने भीतर झांकने का त्योहार है दीपावली। संबंधों में अनुभूतियों की रौनक भरने वाला जश्न है यह पर्व। यह उत्सव प्रेम-स्नेह के भाव को दरकने से बचाने वाली झिलमिलाहट भी साथ लेकर आता है, मन की कहने-सुनने से हर चेहरे पर एक दमक भी उतर आती है। कुल मिलाकर यह उत्सवीय आभा अपने भीतर भी एक जगमगाहट भरने का संदेश देती है। आंगन संवारती, दीवारें पोंछती, व्यंजनों की खुशबू फैलाती और अपनों की सज-धज का ध्यान रखती स्त्रियां, त्योहारी आपा-धापी में खुद को ही भूल जाती हैं। तो सुनो सहेली, दमकती-चमकती आंगन की रंगोली और रसोईघर से आती पकवानों की महक के बीच अपने मन की कांति को सहेजना ना भूलो।



## सजी-धजी मुस्कुराहटों की चमक

हर उत्सव पर मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में स्त्रियां अपने परिवार के आंगन में उजास भरती हैं। यह त्योहारी रौनक घर से लेकर गली तक हर ओर फैली होती है। साफ-सफाई और सजावट से झिलमिलाते घरों की कड़ियों को जोड़ने वाली स्त्रियां ही होती हैं। ऐसे में खुद की अनदेखी ना चाहते हुए भी हो जाती है। 'यह कर लूं', 'वह निपटा लूं' और 'घर के कोने-कोने को सजा लूं' के फेर में अपनी सज-धज तो रह ही जाती है। कभी-कभी तो इस भाग-दौड़ में मन नीरसता के धुंधलेपन से घिर जाता है। लेकिन सामानों की धूल झाड़ने में स्वयं की आभा फीकी ना होने दें। अब जबकि दीपावली आने में कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं तो अपनी खुद की की साज-सज्जा की तैयारियां करने पर भी ध्यान दें। दीपपर्व की उजास में आपकी सजी-धजी मुस्कुराहटों की चमक भी बिखरनी ही चाहिए।

## बना रहे उपस्थिति का आलोक

इस दीपावली यह सुनिश्चित करें कि आपकी उपस्थिति का आलोक भी हर ओर फैले। जब सब मेल-जोल में व्यस्त हैं। आपके अपने सब कुछ भूलकर त्योहार की खुशियों को जी रहे हैं तो आप क्यों काम में उलझी हैं? आसमान तक फैली झिलमिलाहट के बीच आप घर के भीतर क्या सहेजने में लगी हैं? आज भी बहुत सी स्त्रियों के लिए यह त्योहार तैयारियों की कभी ना खत्म होने वाली श्रृंखला भर बनकर रह जाता है। ऐसे में झिलमिल दीपों से सजे चौखट-चौबारों के बीच आपका मन व्यस्तता के जाल में न उलझे। ध्यान रहे, दीपावली के त्योहार पर मां लक्ष्मी और माता सरस्वती के पूजन का विधान है। अपने संवेदनशील हृदय में भरी ज्ञान रूपी समझ से सुखद मेलजोल जीएं। गृहलक्ष्मी के रूप में आलोकित अपने व्यक्तित्व को जिम्मेदारियां निभाने तक न समेटें। परिवार, घर-द्वार को संभालने के साथ-साथ दीपावली के दीयों की टिमटिमाती मुस्कान के बीच आपकी उपस्थिति की चमक भी जरूरी है।



## साझेपन की दमक जरूरी

आप होम मेकर हों या वर्किंग वुमेन, त्योहार की तैयारी में सबका साथ लीजिए। परिवार को उत्सव मनाने में ही नहीं उत्सवीय तैयारियों में भी साथ रखिए। त्योहार के दिन आस-पड़ोस या मित्रों-सगे-संबंधियों के यहां सबके साथ आप भी मिलने जाइए। याद रहे, आपसी मेल-जोल और रिश्तों की रौनक से जुड़ा दीपावली का पर्व खुद को पीछे रखने के बजाय सहज रूप मन की ऊर्जा जुटा लेने का उत्सव है। इसके लिए स्त्रियां अपनों की सहायता लेने में संकोच ना करें। अपने जीवन में साझेपन की चमक भरने का प्रयास करें, ताकि यह जज्बाती दमक जिम्मेदारियों के मोर्चे पर भी दिखे। इतना भर करने से सबकी इच्छाओं और खुशियों का ध्यान रखते हुए आप अपने लिए भी समय निकाल सकेंगी। घर के आंगन में ही नहीं, अंतर्मन में भी इस त्योहार की जगमग को महसूस करेंगी।

### अपनों की अहम भूमिका

**गृहलक्ष्मी की** भाग-दौड़ को समझने का प्रयास अपनों को भी करना चाहिए। झिलमिलाते घर-आंगन में हंसते-मुस्कुराते हुए सब कुछ संभालने वाली परिवार की महिलाओं को बच्चे, बुजुर्ग और जीवनसाथी सभी सहयोग करें। उनको मन से सम्मान दें। याद दिलाएं कि पहनने के लिए उनकी पसंद के पारंपरिक परिधानों की तैयारी भी उन्हें ही करनी है। मिठाइयों की सूची थोड़ी छोटी रही तो भी चलेगा। 'बहू तुम भी सबके साथ बैठो' भर कहकर बुजुर्ग कई दिनों की भाग-दौड़ से फीके पड़े चेहरे की चमक लौटा सकते हैं। 'मम्मा हमारे साथ-साथ आप भी अच्छे से तैयार हो जाओ ना!' जैसे शब्द दीपावली की तैयारियों में जुटी मां को मुस्कुराहट की चमक दे सकता है। 'गृहलक्ष्मी की सज-धज बिना कैसा त्योहार' कहने वाले जीवनसाथी की अनुभूतियों से मिली आभा मन को नई दमक दे जाती है। अपनों का यह साथ-स्नेह घर की महिलाओं के लिए इस पर्व की रौनक और बढ़ा देगा। असल में बड़ों-छोटों की यह ज्योतिर्मय सोच स्त्रियों को कई उलझनों से बचा लेती है। दीपावली का त्योहार एक-दूजे के साथ खुशियां बांटने की परंपरा है। उत्सव के वास्तविक मायने तो तभी हैं, जब घर का हर सदस्य इस रीत की रौनक को जीए।



सुख-शांति-समृद्धि के लिए दीपावली से पहले

# घर से निकालें नकारात्मक ऊर्जा

हर कोई चाहता है कि उसके घर में सुख, शांति बनी रहे और समृद्धि आए। इसके लिए दीपावली एक अच्छा अवसर है। आप वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ बातों को ध्यान रखकर अपने घर में सुख, शांति के साथ समृद्धि ला सकती हैं।

वास्तु

निकिता चौहान



जब दीपावली जैसा बड़ा पर्व आता है, परिवार में उत्सवी माहौल हो जाता है, मन उमंग-तरंग से भर उठता है। लेकिन दीपावली की खुशियों में कोई बाधा ना आए, त्योहार खुशी के साथ मनाया जा सके, इसके लिए जरूरी है कि आप वास्तु शास्त्र के अनुसार घर से नकारात्मक ऊर्जा को निकालें। भारतीय वैदिक वास्तु हमारे पारंपरिक ज्ञान से जुड़ा है, जो हमें अपने घर और कार्यस्थल पर पांच मूल प्राकृतिक तत्वों के सामंजस्य से एक सुगमता स्थापित करने में सहायता करता है। वैदिक वास्तु इन पंच तत्वों को उनकी दिशा के अनुसार घर में संयोजित करने की सलाह देता है। दीपावली में हमें वैदिक वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ विशेष उपाय अपनाने चाहिए, जिससे घर की नकारात्मक ऊर्जा खत्म हो जाएगी और हमारा स्वास्थ्य सही रहेगा, घर में सुख- शांति रहेगी, समृद्धि भी आएगी। ये विशेष उपाय कौन से हैं, जानें-

**घर के केंद्र को साफ रखें:** दीपावली में सर्वप्रथम अपने घर के केंद्र, जिसे ब्रह्मस्थान कहा जाता है, को साफ-सुथरा बनाएं। वहां बहुत ज्यादा सामान ना हो। इससे घर में ऊर्जा का प्रवाह सही और सुचारु ढंग से होगा।



**मिट्टी का दीपक जलाएं:** मिट्टी के दीये में गाय के घी से दीपक प्रज्वलित करें। गाय के घी को शुभ और पवित्र ऊर्जा का कारक माना जाता है। इसके अलावा तिल के तेल से दिया प्रज्वलित करने से ग्रहों के दुष्प्रभाव को समाप्त किया जा सकता है। घी, तिल, अरंडी, महुआ और नीम के तेल को मिलाकर प्रज्वलित दीपक पंचदीपम कहलाता है। इससे घर में समृद्धि, परिवार में स्नेह बना रहता है, रोग का नाश होता है। नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव की समाप्ति होती है, साथ ही वंश वृद्धि होती है।

**चमकीले रंग का उपयोग करें:** दीपावली में हमेशा चमकीले रंग का उपयोग करना चाहिए। दीपावली से पहले या बाद में पेंटिंग और साज-सज्जा करें। इसके अलावा दीपावली में आपको अपने घर या कार्यालय के प्रवेश द्वार के पास खास साफ-सफाई करना चाहिए।

**पोंछे में समुद्री नमक डालें:** घर में पोंछा लगाते समय पानी में थोड़ा समुद्री नमक मिला दें फिर पोंछा लगाएं, इससे नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होने में मदद मिलेगी।

**नया दर्पण लगाएं:** घर में नया दर्पण लगाएं ताकि लाइट ज्यादा चमके और सकारात्मक वातावरण बने। दीपावली के अवसर पर अपने घर के द्वार पर पौधों वाला गमला रखें। पौधा एक तरह से जीवन का प्रतीक होता है, इसलिए आपके घर में सकारात्मक वातावरण बनाने में सहायक रहता है।

**मंत्र जाप करें:** दीपावली के दिन खासकर घर में धार्मिक मंत्रों का उच्चारण करने वाले ऑडियो को मधुर आवाज में लगाएं। इससे अपने घर में भरपूर सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगी। परिवार में सब स्वस्थ रहेंगे। प्रेम-स्नेह भी बना रहेगा।

**(वास्तु-ज्योतिष विशेषज्ञ डॉ. राहुल सिंह से बातचीत पर आधारित)**

दीपावली जैसा बड़ा पर्व हो तो इसकी भव्य तैयारी जरूरी हो जाती है। यह तैयारी वर्किंग वूमेन के लिए एक बड़े टास्क जैसी होती है, क्योंकि उसे ऑफिस के कामों के साथ, घर में भी त्योहार की तैयारी करनी होती है। इस दोहरी जिम्मेदारी के बीच वर्किंग वूमेन कैसे बैलेंस बैठाएं, जानिए।

टाइम मैनेजमेंट के साथ करें फेस्टिवल की तैयारी

# फैमिली से लें हेल्प-करें फुल एंज्वॉय

वर्किंग वूमेन

अलका सोनी



दीपावली का पर्व सिर्फ लक्ष्मी पूजन, पटाखे और मिठाइयों तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि इसकी चमक-दमक के पीछे महीनों की तैयारी छिपी होती है। घर के हरेक कोने की झाड़-पोंछ, सजावट, नए कपड़े, पकवान और रिश्तेदारों की आवभगत, इन सबका बोझ ज्यादातर महिलाओं के कंधों पर रहता है। महिला अगर काम-काजी है, तो दीपावली की तैयारी करना उसके लिए आसान नहीं होता, काफी मुश्किलें आती हैं। लेकिन सही ढंग से मैनेज किया जाए तो मुश्किलें आसान हो सकती हैं। इस संबंध में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में कार्यरत गुंजन सिंह कहती हैं, 'वर्किंग होने के साथ त्योहारों की तैयारी थोड़ी मुश्किल हो जाती है, लेकिन टाइम मैनेजमेंट से त्योहार को पूरी तरह एंज्वॉय करने का मौका मिल सकता है। मैं दिवाली के बीस दिन पहले से थोड़ी-थोड़ी तैयारी करने लगती हूं। इससे एकसाथ मुझ पर काम का बोझ नहीं पड़ता। दिवाली का सामान उसकी प्राथमिकता के हिसाब से लाती जाती हूं, एक लिस्ट बना लेती हूं, फिर ऑफिस से आते वक्त इन्हें लाती रहती हूं।'

**महिलाओं की दोहरी जिम्मेदारी:** भारतीय परिवारों में त्योहार की तैयारी का काम पीढ़ियों से महिलाओं की जिम्मेदारी ही माना गया है। दादी-नानी के समय में यह काम सहज रूप से घरेलू जीवन का हिस्सा था। तब अधिकतर महिलाएं गृहिणी थीं, इसलिए पूरा ध्यान घर के सभी कामों को करने और मेहमानों की देखभाल में बीतता था, लेकिन बदलते समय के साथ महिलाएं शिक्षा और नौकरी के क्षेत्र में आगे बढ़ी हैं। ऐसे में उन पर जिम्मेदारियों का भार दोगुना हो गया है।

**टाइम मैनेजमेंट का प्रेशर:** ऑफिस की डेडलाइन और त्योहार की डेडलाइन, दोनों को साथ लेकर चलना एक आर्ट है। हर महिला इसे अपने तरीके से सीखती है। ऑफिस के कामों के साथ घर में भी त्योहारों की रौनक कायम रखने पर ध्यान दिया जाए तो दोनों के बीच अच्छा संतुलन बनाया जा सकता है। बस उन्हें अपने परिजनों की थोड़ी मदद की दरकार होती है।

**हो स्मार्ट प्लानिंग:** वर्किंग वूमेन के पास समय की कमी होती है। इसलिए समय बचाने और सारा काम पूरा करने के लिए ये महिलाएं 'टू-डू लिस्ट' और कैलेंडर बनाकर हफ्तों पहले तैयारी शुरू कर देती हैं। एक दिन सफाई, दूसरे दिन बाजार, तीसरे दिन उपहारों की पैकिंग। इस तरह काम को छोटे हिस्सों में बांटकर करने से काम आसानी से हो जाते हैं। साथ ही ऑनलाइन शॉपिंग, एप-बेस्ड क्लीनिंग सर्विस, तैयार मिठाइयों की होम-डिलीवरी जैसी सुविधाएं आज त्योहारों की तैयारी को आसान बना रही हैं। आज की महिलाएं यह समझती हैं कि दिवाली का मतलब तनाव नहीं, खुशी है। इसलिए वे ऑफिस से छुट्टियां पहले से प्लान कर लेती हैं।

### जरूरी है परिवार की भागीदारी



जीवन में हम परिवार की अहमियत को अनदेखा नहीं कर सकते। परिवार को मानव की प्रथम पाठशाला भी कहा जाता है। यानी कि पीढ़ियां अपने परिवार से ही सीखती रही हैं। अतः यह समझने की जरूरत है कि घरेलू कार्यों के लिए सिर्फ महिलाएं ही जिम्मेदार नहीं हैं, घर के पुरुषों और बच्चों को भी त्योहार की तैयारियों में हाथ बंटाना चाहिए। इससे सारे काम आसानी से संपन्न हो जाएंगे।



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# प्रदूषण से बालों को ऐसे बचाएं

बालों का कमजोर होना, झड़ना, रूसी और उम्र से पहले बालों के सफेद होने जैसी समस्याओं को लेकर कई महिलाएं परेशान रहती हैं। कुछ घरेलू उपचार से इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आप चाहें तो बालों की इन समस्याओं के लिए मुलेठी पावडर को अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपके बाल और भी ज्यादा हेल्दी और शाइनी हो जाएंगे।

**डेंड्रफ के लिए:** डेंड्रफ की प्रॉब्लम दूर करने के लिए सबसे पहले कांच के जार में एक चम्मच मुलेठी पावडर, आधा चम्मच नीबू का रस और एक चम्मच शहद को अच्छी तरह मिलाएं। इस तरह तैयार पेस्ट को अपने सिर और बालों में लगा लें। आप इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं। मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुण होते है, जिसके कारण यह डेंड्रफ की प्रॉब्लम को दूर करता है।



**हेयर फॉलिंग:** बाल झड़ना यानी हेयर फॉल या बाल्डनेस की प्रॉब्लम के लिए भी आप मुलेठी पावडर को अप्लाई कर सकती हैं। सबसे पहले कांच के बर्तन में एक चम्मच मुलेठी पावडर, कुछ केसर के धागे और 1 कप दूध या दही डालकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इसे रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएं। सुबह आप अपने बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।

**हेल्दी हेयर के लिए:** हेल्दी हेयर के लिए हेयर मास्क काफी इफेक्टिव माना जाता है। इसे बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा पका केला, 2 चम्मच मेहंदी पावडर और 1 चम्मच मुलेठी पावडर को अच्छे से मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। बेहतर रिजल्ट के लिए हेयर मास्क को आप हर हफ्ते में एक बार लगा सकती हैं। बेजान और कमजोर बालों के लिए एक कटोरे में पांच चम्मच मुलेठी पावडर, 1 कप दही और 2 चम्मच जैतून का तेल डालकर इसे अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को अपने सिर और बालों पर अच्छी तरह लगाकर, आधे घंटे बाद बालों को ताजे और साफ पानी से धो लें, इससे आपके बालों को मजबूती मिलेगी।

**सफेद बाल:** पचास-साठ की उम्र से पहले सफेद हुए बालों की समस्या से बहुत सी युवा और मिडएज की महिलाएं परेशान रहती हैं। इस समस्या से बचाव के लिए भी मुलेठी पावडर का उपयोग काफी कारगर हो सकता है। इसके लिए मुलेठी पावडर और थोड़ी मात्रा में सरसों के तेल को मिलाकर, इसे अपने बालों पर लगा लें। यह आपके हेयर फॉल की प्रॉब्लम के साथ बालों में आई असमय सफेदी को भी कम कर सकती है। इसके लिए, दही और मुलेठी पावडर का पेस्ट भी काफी फायदेमंद साबित होता है।

डेकोरेशन


श्रुति आयंगर

दीपावली के अवसर पर हर कोई चाहता है कि उसका घर-आंगन सबसे खूबसूरत दिखे। आप भी अपने घर को आकर्षक दिखाने के लिए तैयारियों में जुटी होंगी। हम यहां आपको कुछ ऐसे यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिससे आपका घर ऐसा दमक उठेगा कि सब तारीफ करेंगे।

# खूबसूरत-आकर्षक दिखेगा आपका आशियाना

दिवाली सिर्फ रोशनी करने, आतिशबाजी करने, तरह-तरह के व्यंजन खाने-खिलाने का त्योहार नहीं है। इस अवसर पर घर के हर कोने को सजाया भी जाता है। हम आपको घर डेकोरेट करने के कुछ आसान लेकिन अट्रैक्टिव लुक देने वाले तरीके बता रहे हैं।

**एंटीक-हैंडीक्राफ्ट आइटम्स:** ब्रास, कॉपर, सिल्वर टोन के शोपीसेस और हैंडीक्राफ्ट आइटम्स घर को रॉयल लुक देते हैं। छोटे-छोटे लैंप्स, हैंड पेंटेड ट्रे, मूर्तियां, ब्रास या कॉपर के वास, लंबे दीया स्टैंड, टेराकोटा आर्ट पीस, वुडेन क्राफ्ट, क्ले पॉट्स, मेटल वॉल हैंगिंग, पेंटेड बॉटल्स, झूमर, घंटियां और पीतल के शोपीस ये सभी घर को फेस्टिव टच देते हैं। इन्हें कॉर्नर टेबल, विंडो साइड टेबल या घर के एंट्रेंस पर साइड टेबल पर रखें तो और भी अच्छा दिखेगा।





**थीम बेस्ड डेकोरेशन:** हाल के सालों में दीपावली पर थीम बेस्ड डेकोरेशन का क्रेज भी काफी बढ़ा है। आप चाहें तो गोल्डेन थीम फॉलो कर अपने घर को रॉयल-क्लासी टच दे सकती हैं। पेस्टल थीम से घर को सॉफ्ट और ट्रेंडी लुक मिलेगा। इस ऑकेजन के लिए ट्रेडिशनल रेड-ग्रीन डेकोरेशन को भी शुभ माना जाता है। अगर आप कुछ डिफरेंट डेकोरेशन चाहती हैं तो मल्टीकलर या कोई ट्रेडिशनल थीम भी अपना सकती हैं। जो थीम आप सेलेक्ट करें उसी के अनुसार पर्दे, टेबल कवर, रनर और डेकोरेटिव आइटम्स का भी चुनाव करें।

**रि-स्टाइल करें फर्नीचर:** जरूरी नहीं कि दीपावली पर नए फर्नीचर ही खरीदे जाएं। इसकी बजाय पुराने फर्नीचर को रि-स्टाइल भी करवा सकती हैं। सोफा या चेयर को दीवार के किनारे से हटाकर सर्कल या स्क्वेयर में अरेंज कर सकती हैं। पुराने सोफे का बेस और बैक कुशन बदलें।

**लाइटिंग हो खास:** दीपावली के मौके पर हैंडमेड बाती लैंप, शेड लाइट और शैडो लाइट्स काफी पसंद की जाती हैं। ये पीसेस घर को रोशन करने के साथ-साथ स्टाइलिश और पर्सनल टच भी देती हैं। ड्राइंग रूम में डेकोरेटिव लैंप, हैंगिंग लालटेन और वॉल लैंप्स लगाकर घर को आकर्षक लुक दे सकती हैं। इंडोर प्लांट्स के आस-पास छोटे रंगीन बल्बों वाली लाइट्स लगा सकती हैं। बालकनी और लॉन के लिए फेयरी लाइट्स, स्टार प्रोजेक्टर, एलईडी स्ट्रिप और लालटेन का उपयोग करना अलग टच देगा। पूरे आंगन को जगमगाने के लिए एलईडी और सोलर लाइट्स सबसे स्मार्ट ऑप्शन हैं।



**शीशे से करें सजावट:** गोल या चौकोर आकार के छोटे शीशों के टुकड़ों को लंबी, पतली रंगीन पट्टी पर चिपकाकर दीवारों पर सजाया जा सकता है। दरवाजे पर शीशों का तोरण भी बहुत खूबसूरत लगता है।

**फूलों से सजाएं घर:** गेंदे के नकली फूलों की लड़ी, जिसमें छोटी घंटियां लगी हों, सीढ़ी की रेलिंग पर लटका सकती हैं। आप असली फूल भी लगा सकती हैं।

**(इंटीरियर एक्सपर्ट अनामिका शर्मा से बातचीत पर आधारित)**